हरिभूमि
# रायपुर भूमि




*निगम के अफसरों की मनमानी, आउटर के इलाके में चला रहे 40 सिटी बस*


# स्मार्ट सिटी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम फिस्स 40 सिटी बस, शहर के लिए एक भी नहीं

प्रदीप शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देश की 100 स्मार्ट सिटी में शुमार रायपुर शहर में आम जनता के लिए पब्लिक ट्रांसफोर्ट सिस्टम दम तोड़ चुका है। नगर निगम के पास 40 सिटी बसें लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने उपलब्ध हैं, पर शहरवासियों और बाहर से शहर में आने वालों के लिए पब्लिक टांसपोर्ट सेवा ठप पड़ी है। हालत ये कि भाठागांव के बसस्टैंड से किसी को पंडरी कपड़ा मार्केट जाना हो या लाखे नगर, सुंदरनगर, शांति नगर, शंकरनगर, खम्हारडीह जाना है, तो उनके लिए सिटी बस की सुविधा नहीं है। शहर के चारों कोनों में बसें इलाकों तक पहुंचने सिटी बस सेवा की स्थिति कमोबेश यही है। इसके कारण लोग आटो या अन्य साधनों की सवारी कर ज्यादा किराया देकर गंतव्य तक जाने विवश हैं। इससे सड़क पर भीड़ और ट्रैफिक की समस्या बढ़ गई है। नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। 3 साल तक सिटी बस खरीदने केंद्र से मिले कुल 20 करोड़, एक साथ बस खरीदने का ▶▶|शेष पेज 13 पर

- जनता को किफायती दर पर सुगम आवागमन की सुविधा नहीं मिल रही
- आटो के भरोसे शहर, सड़क पर भीड़, ट्रैफिक का लोचा
- 6 रूटों पर चल रही 33 सिटी बस, 7 स्पेयर में
- रायपुर से खैरखूंट व्हाया धरसींवा
- रायपुर से भानसोज
- रायपुर से चंदखुरी
- रायपुर से खरोरा
- रायपुर से कोटनी
- रायपुर से खैरखूंट व्हाया सिलयारी



### रेलवे स्टेशन से नंदनवन मार्ग

रेलवे स्टेशन और नगर घड़ी चौक से सुगम आवागमन की सुविधा देने निगम सिटी बस की सुविधा देता था, इससे शहर के अंदरूनी इलाके से लेकर कबीर नगर, हीरापुर, जरवाय, अटारी और नंदनवन आने-जाने वालों को कम समय में बिना किसी परेशानी के रोजाना गंतव्य तक आने-जाने में सहूलियत होती थी। लोग परिवार के साथ छुट्टियों में इसी बस से नंदनवन जाते ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रेलवे स्टेशन से अमलेश्वर तक सिटी बस की रही सेवा

रायपुर रेलवे स्टेशन से आमापारा, पुरानी बस्ती, लाखे नगर, अश्विनी नगर, सुंदर नगर, डगनिया, रायपुरा होते हुए अमलेश्वर रूट पर सिटी बस संचालित होने से लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा रही। रायपुरा, अमलेश्वर सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में महिलाएं और गरीब व मध्यम वर्ग परिवार के मेहनत इस सुविधा का लाभ उठाते रहे। यही नहीं, शहर से महादेवघाट तक आने-जाने सिटी बस आसानी से मिल जाती थी। अब यह सुविधा बंद हो गई है।

### राज टाकीज से मोवा ब्रिज होते हुए थाने तक सिटी बस

राज टाकीज से पंडरी कपड़ा मार्केट होते हुए मोवा ब्रिज से होते हुए मोवा थाने तक सिटी बस की सेवा पूर्व में उपलब्ध रही। उस समय प्रतिदिन 10 राउंड इस क्षेत्र में सिटी बस सेवा उपलब्ध थी। इसी तरह लोधी पारा शंकरनगर चौक, बीटीआई ग्राउंड, खम्हारडीह से अंबुजा मॉल होते हुए रेल्वे स्टेशन तक सिटी बस की सेवा उपलब्ध कराई गई। रायपुर से पंडरभट्ठा, रायपुर से हिरमी, सेजबहार के लिए सिटी बस की सेवा रही।

### *10 एसी बस सेवा बंद, महंगा किराया देना पड़ रहा*

*सिटी बस संचालन से जुड़े पूर्व कांट्रेक्टर सैयद अनवर अली ने कहा हमारे समय 80 बसों का कांट्रेक्ट नगर निगम से मिला था, जिसमें से ज्यादातर सिटी बस राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों सुगम आवागमन की सेवा के साथ शुरू हुई। माना एयरपोर्ट से दुर्ग तक 10 एसी बस संचालित किया, जिसका अच्छा रिस्पांस मिला। इसके लिए अलग-अलग जगहों पर एसी बस स्टॉप नगर निगम ने अनुबंधित एजेंसी से बनवाए। पर अब एसी बस की सेवा बंद होने के बाद दुर्ग से माना एयरपोर्ट आने-जाने वालों को महंगा किराया देकर प्राइवेट वाहन से आना-जाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कम रेट पर टेंडर पाने का नुकसान पब्लिक को उठाना पड़ रहा है। निगम प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।*

### *चरमरा गई पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा : चंदर विधानी, पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसियेशन पूर्व अध्यक्ष*

*पूर्व में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से व्यवसाय के सिलसिले शहर आने वालों रेल्वे स्टेशन से पंडरी कपड़ा मार्केट के लिए सीधे सिटी बस मिल जाती थी। पर अब यह व्यवस्था चरमरा गई है। निगम प्रशासन को चाहिए कि प्रदेश के सबसे बड़े कपड़ा मार्केट पंडरी तक आने-जाने के लिए सिटी बस की सेवा पूर्ववत उपलब्ध कराए। डूमतराई थोक बाजार और शहर से भाठागांव बस स्टैंड के लिए सिटी बस सेवा नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### बंदी की उपचार के दौरान मौत

**रायपुर।** सेंट्रल जेल रायपुर में बंद 23 वर्षीय विचाराधीन महिला बंदी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एनडीपीए के आरोप में जेल में बंद चांदनी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। जेल प्रशासन ने पुलिस को बताया है कि चांदनी प्रोनिक शुगर की गंभीर मरीज थी। उसे दिन में तीन बार इंसुलिन दिया जाता था। मंगलवार को इंसुलिन नहीं लेने की वजह से चांदनी की तबीयत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर चांदनी को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### लिफ्ट में बाल-बाल बची महिला और उसकी बेटी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ फेस-2 में रहने वाली एक महिला तथा उसकी बेटी लिफ्ट में गिरने से बाल-बाल बची और एक गंभीर हादसा होते टल गया। घटना का सोशल मीडिया में सीसीटीवी फूटेज वायरल हो रहा है। घटना की थाने में किसी भी प्रकार से शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। बताया जा रहा है, घटना दो से तीन दिन पुरानी है। ग्राउंड फ्लोर में खड़ी महिला तथा उसकी बेटी ने लिफ्ट में ऊपर जाने स्विच दबाया। लिफ्ट ऊपर से नीचे आई।

### टाटीबंध में पकड़ी गई थी पनीर की गाड़ी, जांच फैक्ट्री तक पहुंची

# भनपुरी में एनालॉग पनीर की फैक्ट्री खाद्य विभाग ने लिए जांच के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि विशेष

भनपुरी में दूध पावडर से पनीर बनाने वाली लाइसेंसी फैक्ट्री से खाद्य विभाग की टीम ने जांच के लिए सैंपल उठाया है। टाटीबंध में नकली होने के संदेह पर कुछ लोगों ने पनीर ले जा रही गाड़ी को पकड़ा था। वहां से मिली जानकारी के आधार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच भनपुरी की फैक्ट्री तक पहुंची।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले टाटीबंध में कुछ लोगों ने एनालॉग पनीर ले जा रही गाड़ी को पकड़ा था। उस दौरान यह बात सामने आई थी कि गाड़ी में दूध पावडर से बने पनीर की पैकिंग के साथ लूज पनीर भी था। इस पर लोगों ने आपत्ति करते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को सूचना दी। निरीक्षक जांच के लिए वहां पहुंचे भी, जानकारी के आधार पर भनपुरी के दित्या डेयरी में जाकर अपनी जांच की। जांच के दौरान वहां भारी मात्रा में तैयार पनीर तथा अन्य सामान मिला। खाद्य निरीक्षकों की टीम ने वहां से जांच के लिए सैंपल लिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कंपनी के पास एनालॉग पनीर बनाने का लाइसेंस है। जांच के दायरे में इससे संबंधित तय मानकों को रखा गया है।

### पहले पकड़े जा चुके मामले

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इसके पहले भी एनालॉग पनीर के मामले पकड़ चुकी है। अन्य मामलों में नियम के विपरीत पनीर का निर्माण किए जाने का मामला बनाकर प्रकरण कोर्ट में पेश किया चुका है। विभागीय टीम ने पनीर बनाने संबंधी दो फैक्ट्री पर उस दौरान कार्रवाई की थी। इस प्रकरण में भी अगर सैंपल में किसी प्रकार के अमानक तत्व पाए जाते हैं, तो उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।



### जानिए क्या होता है एनालॉग पनीर

जिस चीज को एनालॉग पनीर कहा जा रहा है, वो दरअसल कोई पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल नहीं होता। दूसरे फैट्स का इस्तेमाल करके असली पनीर की तरह बनाया जाता है। दूध की जगह इसके बनाने के लिए वेजिटेबल ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है। पनीर वनस्पति तेलों और स्टार्च जैसी सामग्रियों से बनाया जाता है। यह एक सिंथेटिक और कम पौष्टिक विकल्प है। क्योंकि इस उत्पाद में दूध की वसा के बजाय वनस्पति वसा होती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी संभावित जोखिम पैदा हो सकते हैं। रेस्टोरेंट ज्यादा लाभ कमाने के लिए एनालॉग पनीर का उपयोग करते हैं, क्योंकि इसके एक किलोग्राम की कीमत असली पनीर की आधी होती है।

# 238 पदों के लिए पीएससी ने निकाली भर्ती, इस बार देना होगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा के लिए भर्ती निकाली गई है। अपनी परंपरा कायम रखते हुए संविधान दिवस के दिन 26 नवंबर को अधिसूचना जारी की गई है। इस बार 238 पदों के लिए भर्ती निकाली गई है। आवेदन एक दिसंबर से प्रारंभ होंगे। 30 दिसंबर तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जबकि मुख्य परीक्षा 16 से 19 मई तक होगी। नियमों में किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पुराने नियमों के आधार पर ही परीक्षाएं होंगी, लेकिन इस बार भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क देना होगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए 500 रुपए की राशि तय की गई है। जो कैंडिडेट्स परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें यह राशि लौटा दी जाएगी। ऐसा व्यापम और पीएससी भर्ती परीक्षाओं के लिए शुल्क संबंधित नए नियमों के कारण किया गया है।

**डिप्टी कलेक्टर के 14 पद:** विभागों ने अपने यहां रिक्त पदों की जानकारी पीएससी को प्रेषित की थी। इसके आधार पर रिक्त पदों की जानकारी देते हुए अधिसूचना जारी की गई है। डिप्टी कलेक्टर के 14 पद हैं। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा के 28, वित्त सेवा अधिकारी के 2, राज्य कर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मुख्य नपा अधिकारी के लिए अधिक पद

सबसे ज्यादा पद मुख्य नगर पालिक अधिकारी के लिए हैं, कुल 29 पद। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा में 28 पद और डिप्टी कलेक्टर के लिए 14 पद हैं। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, प्रीलिम्स परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक।

# मौत का कुआं बनीं 125 से अधिक बंद खदानें पाटने का नियम, जिसका नहीं हो रहा पालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले में चूना और फर्शी पत्थर की 125 से अधिक बंद खदानें मौत का कुआं बनी हुई हैं। इन खदानों में उत्खनन का कार्य बंद हुए 15 से 16 साल बीत चुके हैं, लेकिन इन खदानों को अब तक न ही पाटा गया है और न ही इन खदानों को सुरक्षा की दृष्टि से घेराबंदी या अन्य कोई कारगर उपाये किए गए हैं। इसके कारण खुली हुई ये खदानें लोगों की मौत का कारण भी बन रही हैं। इन खदानों में भरे पानी में डूबकर पिछले 15 वर्षों में बहुतों की मृत्यु भी हो चुकी है। इधर विभागीय अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं, जिससे इन बंद खदानों में हर रोज हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

जिले में जितनी खदानें बंद पड़ी हुई हैं, उनकी गहराई 150 फीट से लेकर 300 फीट तक है। खदानों की गहराई के कारण बारिश के दिनों में इन खदानों में पानी भर जाता है, जो कई महीनों तक भरा रहता है।

इससे ये खदानें गांव में रहने वाले लोगों के लिए खतरा बनी हुई हैं। इधर कई बंद खदान सड़क से लगी हुई है, जिससे इस सड़क से गुजरने वाले वाहन के दुर्घटना का कारण भी खदानें बन सकती हैं।

### इन ग्रामों में मिली बंद खदानें

टीम की पड़ताल में ग्राम धनसुली, पिरदा, छपोरा, सेरीखेड़ी, खौना, मूरा, बुडेरा पिरदा, मंदिर हसौद, नकटी समेत अन्य कई ग्राम हैं, जहां चूना पत्थर, फर्शी पत्थर की कई खदानें बंद पड़ी हुई हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार जिलेभर में वर्ष 2019 की स्थिति में लगभग 125 खदानें बंद थीं। इसके बाद से लगभग 6 वर्ष और बीत चुके हैं। इस दौरान भी कुछ खदानें बंद होने की जानकारी मिली है। हालांकि खनिज विभाग के अफसरों द्वारा इस संबंध में जानकारी नहीं होने की बात कही जा रही है।


### आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में बिना पाटे मिली बंद खदानें

हरिभूमि ने बुधवार को रायपुर जिले के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में चूना और फर्शी पत्थर की खदानों की पड़ताल की। इस पड़ताल के दौरान कई खदानें बंद मिलीं। ग्रामीणों से बातचीत में पता चला कि इन खदानों को बंद हुए सालों बीत चुके हैं, लेकिन इन खदानों को अब तक पाटा नहीं गया है। इसके कारण गांव में रहने वाले परिवारों को खासकर पालकों को अपने बच्चों की चिंता भी सताने लगी है। इस पड़ताल में यह भी पता चला कि कुछ ग्रामों की बंद खदानों में डूबकर लोगों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब से खदानें बंद हुई हैं, उस दिन के बाद विभाग एवं प्रशासन का कोई अधिकारी झांकने तक नहीं आया है। इसके कारण ये बंद खदानें मौत का कुआं बनी हुई हैं।

## अंबिकापुर में लौटी ठंड शहर में बड़ा बदलाव नहीं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर और आसपास के इलाकों में ठंड की वापसी हो गई है। तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आने की वजह से कुछ क्षेत्रों में शीतलहर की स्थिति बनने लगी है। इधर मध्य इलाके में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, मगर थोड़ी ठंड बढ़ने की गुंजाइश जरूर है। उत्तरी हिस्से को छोड़ दिया जाए, तो राज्य में अभी मौसम अपनी सामान्य स्थिति में है। मध्य और बस्तर संभाग में ना ज्यादा ठंड पड़ रही है और ना बहुत गर्मी है। हवा की दिशा में थोड़ा बदलाव होने की वजह से सरगुजा संभाग के कुछ हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



# खिलौने वाला गूगल में घुसपैठ कर लगाता था चूना, धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ठगी का बड़ा प्लेटफार्म गूगल सर्च इंजन है। गूगल सर्च इंजन में बैंक तथा अन्य चर्चित शॉपिंग साइट की फेक आईडी बनाकर ठगी करने वाले एक जालसाज को रेंज साइबर पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जालसाज ने एसबीआई का नया एटीएम कार्ड देने का झांसा देकर एप इंस्टाल कराकर रायपुर के एक व्यक्ति से आठ लाख रुपए की ठगी की है।

शंकर नगर निवासी संजय साहनी की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस ने पश्चिम बंगाल, 24 साउथ परगना निवासी अब्दुल्ला लश्कर को गिरफ्तार किया है। संजय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने एसबीआई का नया एटीएम बनवाने गूगल इंजन में एसबीआई सर्च किया। इसके बाद दिए नंबर पर कॉल करने पर संजय के मोबाइल में एक लिंक आया, जिसे इंस्टाल करने कहा गया। एप इंस्टाल करने के बाद अकाउंट के लास्ट छह डिजिट का नंबर मांगा गया। संजय ने अकाउंट का जैसे ही छह डिजिट का नंबर इंस्टाल किए गए एप में सबमिट किया, संजय के अकाउंट से आठ लाख रुपए पार हो गए। आठवीं पास खिलौना बेचता है। अब्दुल्ला लश्कर महज आठवीं पास है। वह घूम-घूमकर खिलौना बेचने का काम करता है। अब्दुल्ला ने अपने अन्य साथियों की मदद से गूगल सर्च इंजन में नामी तथा चर्चित संस्थाओं की फेक प्रोफाइल बनाना सीखा। इसके बाद तकनीकी मदद से उसने लोगों के अकाउंट हैक कर ठगी करने का तरीका सीखा। ठगी में शामिल तीन से चार लोगों की रेंज पुलिस पतासाजी कर रही है। अब्दुल्ला तथा उसके साथियों के खिलाफ हरियाणा, उत्तराखंड में भी ठगी की शिकायत दर्ज है। जालसाज का अकाउंट डिटेल निकालकर रेंज साइबर पुलिस जांच कर रही है।

# लकड़ी पाटा में पढ़ाई करेंगे संस्कृत विद्यामंडलम के विद्यार्थी, गुरुकुल पंरपरा की तर्ज पर होगा कैंपस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

- केंद्रीकृत होगी 5वीं-8वीं की परीक्षा, साधारण सभा की बैठक में फैसला

संस्कृत विद्यामंडलम अब अपने विद्यार्थियों को अध्ययन कार्य के लिए लकड़ी का पाटा प्रदान करेगा। प्राचीनकाल में गुरुकुल परंपरा में जिस तरह से अध्ययन कार्य होता था, उसी तर्ज पर छात्र संस्कृत शिक्षा ग्रहण करेंगे। बुधवार को हुई संस्कृत विद्यामंडल की साधारण सभा की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके अलावा संस्कृत विद्यामंडल के पाठ्यक्रम में बदलाव का भी निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इसमें परिवर्तन होगा। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की मदद ली जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरह संस्कृत विद्यालमंडल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भी 5वीं-8वीं की परीक्षा केंद्रीकृत होगी। नवमी से बारहवीं कक्षा तक नियमित अध्ययनरत छात्रों को मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर द्वितीय अवसर प्रदान किया जाएगा। इन निर्णयों के अलावा विद्यालयों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता राशि में वृद्धि का भी निर्णय लिया गया है।

### मेधावी छात्रों का सम्मान

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 10वीं-12वीं के 23 छात्रों को सम्मानित भी किया गया। यह पहली बार है, जब संस्कृत विद्यामंडलम ने अपने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया है। इसके लिए प्रदेशभर से छात्रों को महानदी भवन बुलाया गया था। साधारण सभा की बैठक भी यहीं हुई। बैठक की अध्यक्षता स्कूल शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने की। शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, डीपीआई संचालक रघुराज वंशी, समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव झा, संस्कृत विद्यामंडलम के सचिव विजय खंडेलवाल, डॉ.गरिमा ताम्रकार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई, उन सभी के शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

**बनेगी नई वेबसाइट:** संस्कृत विद्यामंडलम के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने, परिणाम जानने से लेकर अन्य जानकारी के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा नए सिरे से अपनी वेबसाइट तैयार की जा रही है। एनआईसी के माध्यम से इसे तैयार करवाया जाएगा। दो वर्ष पूर्व संस्कृत विद्यामंडलम की वेबसाइट बांग्लादेश के हैकर्स द्वारा हैक कर ली गई थी। इसके बाद से संस्कृत विद्यामंडलम की वेबसाइट बंद है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना प्रगति की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अंतर्गत बुधवार को जिला स्तरीय संचालन एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक ली। इस बैठक में मध्यान्ह भोजन, न्योता भोजन और पोषण वाटिका की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने लाभांवित बच्चों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया, साथ ही शालाओं में किचन गार्डन/पोषण वाटिका के विस्तार हेतु लौकी, पालक, धुरही, करेला, पोदीना, मिर्ची, टमाटर, धनिया और मुनगा के पौधे लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एलपीजी गैस की उपलब्धता प्रति माह 25 प्रतिशत बढ़ाकर गैस सिलेंडर से मध्यान्ह भोजन तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री ने आंबेडकर को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित अंबेडकर चौक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। डॉ. अंबेडकर के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, वे केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि समानता, न्याय और सामाजिक समरसता के अटूट स्तंभ भी रहे हैं।

### भाजपा कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को संविधान दिवस पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने संविधान को नमन किया तथा संविधान निर्माताओं को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, संविधान लोकतंत्र की गीता है। यह देश के मान, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। हम सबका कर्तव्य है कि हम इसे आत्मसात कर संविधान निर्माताओं के स्वप्नों को साकार करने प्रतिपल संकल्पित रहें।

### अमित राजपूत सीएसवीटीयू के नए कुलसचिव

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। विवि अध्ययनशाला में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ.अमित



सिंह राजपूत को कुलसचिव का प्रभार दिया गया है। इनके पूर्व तक कुलसचिव का प्रभार संभाल रहे डॉ.अंकित अरोरा को उनके मूल पदास्थापना में वापस भेज दिया गया है। वे अंबिकापुर के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पूर्ववत अपनी सेवाएं देंगे।

### 6 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**रायपुर।** रायपुर जिले में समर्थन मूल्य पर बुधवार को उपार्जन केंद्रों में 2212 किसानों से लगभग 1 लाख 14 हजार 197.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में अब तक 13251 किसानों से 6 लाख 19 हजार 926.80 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन प्राप्त कर बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच रहे हैं।

# अब तक 69 प्रतिशत फार्म का डिजिटलीकरण, एक सप्ताह शेष

## सर्वर डाउन, तय समय में गणना पत्रक डिजिटलीकरण पूरा करने में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) जारी है। एसआईआर में पंजीकृत 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंचाने के दावे किए जा रहे हैं। अब इन गणना पत्रक को बीएलओ द्वारा ऑनलाइन किया जाना है।

गणना पत्रक भरने के लिए 4 दिसंबर अंतिम तिथि है। गणना पत्रक को ऑनलाइन भरने सर्वर डाउन होने और अन्य दिक्कतों को देखते हुए इसकी गति धीमी है। ऐसे में तय समय में सभी मतदाताओं के फार्म का डिजिटलीकरण में विलंब हो सकता है। छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति लगातार तेजी से बढ़ रही है। प्रदेशभर में 4 नवम्बर से प्रारंभ हुए इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 45 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है, जो कुल 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं में से लगभग 69 प्रतिशत है। शेष 31 प्रतिशत फार्म का डिजिटलीकरण शेष है। निर्वाचन आयोग के द्वारा



इसमें तेजी लाने के निर्देश जारी किए गए है। वहीं कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### तिथि बढ़ाने की मांग उठी

छत्तीसगढ़ में एसआईआर को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने इसमें आ रही दिक्कतों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर अपनी मांगे रखी है। कांग्रेस ने एसआईआर की तिथि तीन माह बढ़ाने की मांग की है। वहीं भाजपा ने व्यवस्था में सुधार कर फार्म बंटने में तेजी लाने की बात कही है।

### कई लोगो को नहीं बंटे गणना पत्रक

एसआईआर के तहत प्रदेश के कई जिलों में हजारों लोगों के घर गणना पत्रक नहीं पहुंचने की जानकारी आ रही है। हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारियों ने रिपोर्ट दी है कि लगभग सभी घरों तक गणना पत्रक पहुंच गए है। फील्ड में बीएलओ से संपर्क करने पर यह जानकारी आ रही है कि कई मतदाता घरों मं नहीं मिले साथ ही कुछ अन्य लोगों के गणना पत्रक अब तक नहीं पहुंचा पाए हैं। ऐसे में उनकी जानकारी और भरे हुए फार्म के देर से आने पर आगे की कार्यवाही में देरी की संभावना है।

## हरिभूमि से बातचीत में एसआईआर ड्यूटी में लगे कई बीएलओ का छलका दर्द

# आत्महत्या की नौबत नहीं पर परेशानी भी कम नहीं

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की ड्यूटी के दौरान देश के कई राज्यों में जहां बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) की मौत हो रही है, वहीं दूसरी ओर कई शहरों में ड्यूटी का दबाव से परेशान होकर बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं। इसकी खबरें भी आ रही हैं। हालांकि इन खबरों के बीच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए यह राहतभरी खबर है कि यहां ड्यूटी के दौरान अब तक किसी बीएलओ की न ही मौत हुई है और न ही आत्महत्या जैसी कोई घटना घटी है। हरिभूमि ने बुधवार को शहर के आधा दर्जन से अधिक बीएलओ से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। इस दौरान ज्यादातर बीएलओ ने यह जरूर बताया कि एसआईआर ड्यूटी से वे खुश नहीं हैं और सुविधाएं नहीं मिलने तथा समय पर कार्य पूर्ण करने का दबाव भी उन पर है। ऐसे में उन्हें परेशानियों का सामना तो करना पड़ रहा है, लेकिन काम का दबाव इतना नहीं है कि उन्हें आत्महत्या जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



**केस 1**

टिकरापारा क्षेत्र की बीएलओ यमुना हेमा लोखंडे ने कहा कि उनके प्रभार क्षेत्र में कुल 1050 मतदाता हैं। इनमें से 550 मतदाताओं को एसआईआर के फार्म भराए जा चुके हैं। शेष मतदाताओं के फार्म जमा होने है। इस कार्य में आंगनबाड़ी की सहायक कार्यकर्ता भी उनकी मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में बहुत परेशानी हो रही है। कई मतदाता किराएदार थे, जिन्होंने अपना ठिकाना बदल दिया है। ऐसे मतदाताओं का पता लगाने में भारी परेशानी हो रही हैं।

**केस 2**



एक अन्य मतदान केंद्र के प्रभारी बीएलओ ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनकी वैकल्पिक नियुक्ति की गई है। 57 वर्षीय बीएलओ शुगर और बीपी से पीड़ित है। इसके बाद भी जूनियर शिक्षकों की जगह उनकी ड्यूटी लगा दी है। इस ड्यूटी के लिए कोई सुविधा नहीं दी गई है। उनका कहना है कि फील्ड की ड्यूटी और एसआईआर का टारगेट पूरा करने का दबाव के साथ सुबह 10 से लेकर रात 9 बजे तक अफसर एवं मतदाताओं के कॉल आते हैं, जिससे वह बहुत परेशान है।

**केस 3**

छोटापारा की प्रभारी बीएलओ धनमती बघेल का कहना है कि प्रशासन ने एसआईआर ड्यूटी लगाई है तो करना तो पड़ेगा। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में 1317 मतदाता हैं, जिनका एसआईआर किया जाना है। इसके लिए घर-घर जाकर फार्म वितरण कर लिए हैं, लेकिन अब तक 235 मतदाओं ने ही फार्म भरकर जमा किया है। शेष फार्म जमा कराने का हम पर दबाव भी है। इसे लेकर टेंशन भी है।



### 45 प्रतिशत से अधिक एसआईआर

विभागीय सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत फार्मों का कलेक्शन तेजी से किया जा रहा है। बताया गया कि जिले में कुल 18.52 लाख मतदाताओं में से लगभग 18 लाख फार्म वितरित किए जा चुके हैं। फार्म वितरण के साथ फार्म वापस भी लेने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिले में अब तक लगभग 45 प्रतिशत फार्म जमा कराए जा चुके हैं।

### घर-घर जाकर एवं आंगनबाड़ी केंद्र में लगा रहे कैंप

बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के जरिए घर-घर एसआईआर के लिए फार्म वितरण किया जा रहा है, वहीं जो लोग घर पर नहीं मिल रहे हैं, उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचने के लिए कहा जा रहा है, ताकि कोई भी मतदाता एसआईआर से छूटे नहीं। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र में भी बीएलओ कैंप लगाकर बैठ रहे हैं।

# पायलट ने एसआईआर पर उठाए सवाल कहा- आम लोगों को हो सकता है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट मंगलवार को रायपुर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश की राजनीति, एसआईआर प्रक्रिया, कानून व्यवस्था और बीजेपी पर तीखे बयान दिए। पायलट ने कहा, एसआईआर को लेकर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं और इस प्रक्रिया की जल्दबाज़ी आम लोगों को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने एयरपोर्ट में संवाददाताओं से चर्चा में आरोप लगाया कि कई राज्यों में बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं। इतनी जल्दबाज़ी में हम क्या साबित करना चाहते हैं? उन्होंने कहा, किसी गरीब का नाम काटा गया, तो कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।



उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा, चुनाव आयोग दबाव में काम कर रहा है, इसे एक्सपोज़ करेंगे। वोट चोरी की शिकायतों पर तत्काल जांच बैठनी चाहिए। पायलट ने घोषणा की कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करेगी। बीजेपी के सवालों का जवाब देते हुए पायलट ने कहा, उग्रवाद और आतंकवाद का डटकर सामना कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस नेताओं ने इस देश के लिए शहादत दी है।

**नए जिला अध्यक्षों की घोषणा जल्द :** श्री पायलट ले कहा, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और बहुत जल्द नए जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस को एक मजबूत और नई टीम मिलने वाली है।

**कानून व्यवस्था को लेकर बोला हमलाः** सचिन पायलट ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में क्या हाल है कानून व्यवस्था का? लगातार गोलीबारी, लूटमार, चाकूबाजी, अवैध काम बढ़ते जा रहे हैं और इसकी चिंता तक नहीं है। आपके दिए तले ही अंधेरा है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दो बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 48 के दो बीएलओ ने उत्कृष्ट एवं समयबद्ध कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। उनके इस सराहनीय प्रदर्शन पर कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को उन्हें शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित किए गए बीएलओ



में मतदान केंद्र-2 उरला की बीएलओ मेनका साहू तथा मतदान केंद्र-326 मुचगहन की बीएलओ संतोषी माहेश्वरी तथा इस कार्य में सहयोग देने वाले ग्राम पंचायत मुचगहन के सचिव हेमलाल साहू शामिल है।

# दो समिति प्रबंधकों की ऊंची छलांग एक डीएसपी एक सब इंस्पेक्टर

## सहकारी बैंक में दोनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में समिति प्रबंधक के रूप में सेवाएं दे रहे दो कर्मचारियों ने अपने कैरियर में ऊंची छलांग लगाई है। ये दोनों समिति प्रबंधक के रूप में काम कर रहे थे, दोनों ने सीजी पीएससी की परीक्षा 2025 में अपनी किस्मत आजमाई। एक ने डीएसपी का पद हासिल किया, दूसरा अब सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुआ है। बुधवार को बैंक में इन दोनों को बधाई व सम्मान देने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ।

- जिला सहकारी केंद्रीय बैक में समिति प्रबंधक के रूप में कर रहे थे काम, पीएससी की परीक्षा 2025 में किस्मत आजमाई

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर में समिति प्रबंधक के पद पर कार्यरत हर्षवर्धन शर्मा, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2025 में 34वां रैंक प्राप्त कर डीएसपी के पद पर चयनित हुए हैं तथा रोहित कुमार वर्मा, इसी परीक्षा में सफल होकर 48वां रैंक प्राप्त कर एक्साईज सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं। बैंक में कार्यरत रहते हुए उनके द्वारा यह उपलब्धि प्राप्त की गई तथा बैंक का गौरव बढ़ाया गया। इस अवसर पर बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास एवं बैंक के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इन दोनो कर्मचारियों को बधाई देते हुए सम्मान किया गया। एवं उन दोनों कर्मचारियों के उज्व्वल भविष्य की कामना की गई।


# कांग्रेस का आरोप- अब झूठ परोसने की जवाबदारी विभागीय सचिवों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभागीय सचिवों द्वारा अपने विभाग के रिपोर्ट कार्ड मीडिया को देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार विश्वास के संकट के दौर से गुजर रही है।

- भाजपा सरकार ने 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को किया निराश

मंत्रियों और भाजपा नेताओं के प्रति जनता का भरोसा उठ चुका है। इसीलिए सरकार दो साल के कामों को मंत्रियों द्वारा सामने रखने के बजाए विभागीय सचिवों के माध्यम से बता रही है। मंत्रियों को पता है कि उनके द्वारा पिछले दो साल में कोई काम किया ही नहीं गया है। उनके पास बताने के लिए कुछ है ही नहीं इसीलिए वे झूठ परोसने की जवाबदारी विभागीय सचिवों को दी गयी है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है।



सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनाएं बंद करना मात्र है। सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

# आयुष मिशन के 'सुप्रजा' से सुधर रहा मातृ शिशु स्वास्थ्य, पूरे हुए 9890 गर्भसंस्कार सत्र

## 40 आयुष संस्थाओं में 7781 गर्भवती उठा रही नियमित सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित सुप्रजा कार्यक्रम से प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इस योजना के तहत अब तक 980 गर्भसंस्कार सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही 40 आयुष संस्थाओं में 7781 पंजीकृत गर्भवती नियमित सेवाओं का लाभ उठा रही है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की समग्र देखभाल, पोषण, सुरक्षा और स्वास्थ्य संवर्धन को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है।

राज्य के विभिन्न जिलों की कुल 40 आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप प्रशिक्षण देते हुए नियमित सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रतिमाह जांच, नवजात शिशुओं के विकास परीक्षण, तथा गर्भवती महिलाओं को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रखने हेतु आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। सुप्रजा



कार्यक्रम के तहत उत्तम एवं स्वस्थ संतान प्राप्ति के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित गर्भसंस्कार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ माहवार आहार-विहार सलाह प्रदान कर रहे हैं, वहीं योग प्रशिक्षक और आयुर्वेद चिकित्सक गर्भावस्था में उपयोगी योगासन भी सिखा रहे हैं। अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सभी आयुष संस्थानों में नियमित योग सत्र संचालित हो रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को आयुर्वेद आधारित औषधियां निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं में कमी दर्ज की गई है। वहीं प्रसव उपरांत जननी और नवजात शिशु का छह माह तक चिकित्सकीय फॉलो-अप किया जा रहा है तथा माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे में परामर्श दिया जा रहा है।

## खातेदार को सूचित किए बिना नहीं होगा खसरे में संशोधन

# राजस्व रिकार्ड होंगे डिजिटल, नए साल से स्मार्ट पीडीएस की तैयारी

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साय सरकार के दो साल पूरे होने पर अलग-अलग विभागों के सचिव विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्व एवं खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने अपने विभागों की 2 वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि राजस्व विभाग को डिजिटल करने का कार्य किया जा रहा है। खसरा एवं बी 1 की डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रतिलिपि ऑनलाइन मिलेगी। भू-अभिलेख में परिवर्तन की सूचना मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से मिलेगी।

भू-अभिलेख तक आसान पहुंच एंड्रायड एप, गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा। वहीं खाद्य विभाग में स्मार्ट-पीडीएस के क्रियान्वयन की तैयारी चल रही है, इसके अगले साल पूरा होने की उम्मीद है। संवाददाताओं से चर्चा में सचिव रीना बाबा कंगाले ने आगामी तीन साल की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया बताया कि राज्य



के 20551 ग्रामों के खसरा एवं 19692 ग्रामों के नक्शों का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है। 155 तहसीलों में माडर्न रिकार्ड रूम को निर्माण पूरा किया जा चुका है। ई-कोर्ट के माध्यम से राजस्व न्यायालयों में प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन और पक्षकारों को एसएमएस के माध्यम से परिवर्तन की सूचना दी जा रही है। भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं सरल करते हुए ऑटो डायवर्सन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, इससे 15 दिनों में डायवर्सन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### पीडीएस के लिए दुकान सह गोदाम भवन निर्माण

खाद्य सचिव रीना यावा साहेब कंगाले ने बताया कि वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 6.585 उचित मूल्य दुकान में खुद का दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। यह दुकानें अन्य शासकीय भवन अथवा निजी, किराये के भवन में संचालित हो रहे है।

### तहसीलों में ऑनलाइन सुनवाई

आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना ने चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, आगामी दिनों में सभी तहसीलों में सुनवाई ऑनलाइन प्रकरणों का निपटारा ऑनलाइन किया जाएगा। खाताधारकों को तहसील कार्यालय या पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। खसरों का आधार ऑथेंटिकेशन किया जा रहा है, जिससे बिना खातेदार को सूचित किए रिकार्ड में संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

### नियद नेल्लानार योजना के तहत खाद्यात्र, चना, शकर, नमक व गुड़ का निःशुल्क वितरण

उन्होंने नियद नेल्लानार योजना की जानकारी दी। बस्तर संभाग के 5 जिले बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं कांकेर के चयनित दूरस्थ 402 ग्रामों के कुल 42,220 राशनकार्डधारी परिवारों को प्रतिमाह खाद्यात्र, चना, शकर, नमक व गुड़ का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना प्रारंभ होने के पश्चात राशनकार्डधारियों को सुगमतापूर्वक राशन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में केन्द्रीकृत रूप से अन्य पंचायतों में संचालित उचित मूल्य अधिकांश दुकानों को उनके मूल पंचायतों में संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इन ग्रामों में 18 नवीन उचित मूल्य दुकान स्वीकृत किया गया है।

### उज्ज्वला गैस कनेक्शन शीघ्र जारी होंगे

बीपीएल महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत अब तक 38 लाख महिलाओं को गैस कनेक्शन जारी किया गया है। वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन जारी करने के लिए जिलों में कार्यवाही प्रचलित है।




## खबर संक्षेप



### एसआईआर फार्म शीघ्र जमा करने की अपील

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने अपने पूरे परिवार का एस आई आर फार्म को ग्राम पंचायत भवन पहुंच कर बी एल ओ के पास जमा किया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जल्द ही एस आई आर फार्म को भरकर अपने नजदीकी ग्राम पंचायत भवन में बी एल ओ के पास तत्काल जमा कर जागरूक नागरिक का परिचय दें। सगुनी में इस फार्म को भरने में सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू, बी एल ओ धनेश्वर वर्मा, अविहित अधिकारी संजय कुमार साहू, मितानिन कालेन्द्री वर्मा, रेवेंद्र कुमार साहू, पंकज यादव, नेहा वर्मा, खुशबू वर्मा सहयोग कर रहे है।

### कांग्रेस अजावि के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम का स्वागत

**सिलयारी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम के छत्तीसगढ़ आगमन पर सांकरा में उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। मुंगेली प्रवास के दौरान वे सांकरा बस स्टैंड स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा पटाखे फोड़कर गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम के साथ कार्यक्रम में पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुवनेश्वर बघेल, उत्तम टंडन, जयंत बघेल, साहिल बंजारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नपं में मितानिनों का श्रीफल और साड़ी भेंट कर स्वागत

**कूंरा।** जन सेवा ही सामाजिक स्वास्थ्य सुरक्षा की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए बुधवार को नगर पंचायत कूंरा के कार्यालय परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनमें नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू ने नगर पंचायत परिसर में नगर के सभी मितानिनों को आमंत्रित कर उन सभी को साड़ी एवं श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## निधन

### रेवाशंकर साहू

**आरंग।** नगरपालिका मंदिर हसौद निवासी रेवाशंकर साहू का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया।



वे 56 वर्ष के थे। वे छतौना (विकासखंड आरंग) में आंतरिक लेखा परीक्षण-करारोपण अधिकारी के रूप में पदस्थ थे। वे सरस्वती साहू के पति, गीतिका व विशाल साहू के पिता एवं डा. शिव साहू के चाचा थे। पैतृक गांव जर्वे में दाह संस्कार किया गय। जहां बड़ी संख्या में लोगो ने शामिल होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

### दयावती साहू

**आरंग।** ग्राम बैहार निवासी दयावती साहू का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे पारिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे कौशल कुमार, संत कुमार, संतराम, रविशंकर, शिव शंकर साहू के पिता थे।

# पंजीयन व टोकन प्रणाली से किसान परेशान, फौरन समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



किसान पंजीयन और टोकन प्रणाली में लगातार हो रही समस्याओं, गिरदावरी सर्वे में लापरवाही और नई व्यवस्था के कारण उत्पन्न अव्यवस्था से परेशान होकर क्षेत्र के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय पहुँचे। किसानों का आरोप है कि सर्वे में उनकी फसल का सही उल्लेख नहीं किया गया है, कई जगह अन्य फसलों का नाम दर्ज है, जबकि हजारों किसान नए पंजीयन के लिए महीनों से चॉइस सेंटर और तहसील के चक्कर लगा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एग्रीस्टेट पोर्टल के माध्यम से नया पंजीयन नियम लागू किए जाने के बाद से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। क्षेत्र के युवा नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांगन किसानों के समर्थन में आगे आए और सैकड़ों किसानों के साथ तहसील पहुँचकर तहसीलदार ज्योति मासियारे को पूरी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने राजस्व एवं सहकारिता विभाग से इस समस्या के तत्काल समाधान की मांग की। पूर्व अध्यक्ष देवांगन ने कहा कि किसान अपनी खड़ी फसल छोड़कर प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। धान खरीदी से पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाना चाहिए था, लेकिन किसान आज दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने पूछा कि इस अव्यवस्था की जिम्मेदारी कौन लेगा..? देवांगन ने आगे कहा कि पंजीयन पूर्ण होने के बावजूद सहकारिता समिति द्वारा बिक्री के लिए टोकन जारी न करना और तकनीकी त्रुटि का बहाना बनाना किसानों के साथ सीधा अन्याय है। आखिर कब तक किसानों को दिग्भ्रमित और शोषित किया जाएगा.? उन्होंने कहा कि सरकार को इस स्थिति पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए क्योंकि किसानों की समस्या को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने तुरंत कोई ठोस पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में एसडीएम कार्यालय का बड़े स्तर पर घेराव किया जाएगा।

## मंत्री टंकराम, सांसद बृजमोहन, विधायक सुनील सोनी और अनुज शर्मा ने दी विदाई

# धरसींवा, आरंग, तिल्दा के हजारों श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की महत्वाकांक्षी 'रामलला तीर्थ दर्शन योजना' के तहत रायपुर संभाग धरसींवा ,आरंग, तिल्दा के सैकड़ों श्रद्धालु विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस पुण्य यात्रा के शुभारंभ पर पूरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के उद्घोषों से गूंज उठा।

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित रहकर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रभु श्री राम से भावनात्मक जुड़ाव है। यह यात्रा हमारे 'भांचा राम' के दर्शन की यात्रा है। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या की जन्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है और इसलिए यहां के लोगों का प्रभु राम से रिश्ता मामा-भांजे का है।




**अयोध्या के साथ काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन का सौभाग्यः** योजना के तहत रवाना हुए श्रद्धालुओं को अयोध्या में भव्य राम मंदिर के दर्शन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के धार्मिक केंद्र वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। IRCTC और रेलवे के सहयोग से यात्रा, आवास और भोजन की निःशुल्क तथा उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस पहल को देश की आध्यात्मिक पुनर्जागरण से जोड़ा। वहीं, मंत्री टंकराम वर्मा ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### यात्रियों में दिखा उत्साह

रेलवे स्टेशन पर मौजूद श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और भावुकता देखने को मिली। भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच, 70 वर्षीय श्रीमती जानकी बाई ने कहा, /"हमने कभी सोचा भी नहीं था कि हम इस उम्र में प्रभु रामलला के दर्शन कर पाएंगे। सरकार ने हमारा सपना पूरा कर दिया। यह हमारे लिए जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।/" इस ऐतिहासिक विदाई समारोह में मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, संचालक संस्कृति एवं पर्यटन सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं रेलवे के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग के नेशनल हाईवे 53 पर स्थित लवली ढाबा में एक युवक की हत्या कर दी गई है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। वहीं आरंग पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि 25 नवंबर 2025 को नेशनल हाईवे 53 स्थित लवली ढाबा, जो पिछले 2 दिन से बंद था। ढाबा के पीछे बने स्टाफ क्वार्टर में एक अज्ञात युवक की लाश मिली। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष अनुमानित है। शव के माथे पर चोट के निशान होने के कारण हत्या प्रतीत होने पर पर एफएसएल को टीम को बुलाया गया। बंद ढाबा में मौजूद मिस्त्री चुन्नू टंडन (35 वर्ष) निवासी भाटापारा, तुमगांव, जिला महासमुंद को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में चुन्नू टंडन ने बताया कि वह ढाबा में आया तो अज्ञात व्यक्ति स्टाफ क्वार्टर में था। दोनों के बीच वहां से जाने को लेकर विवाद हुआ और चुन्नू टंडन ने लकड़ी के बत्ते से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, संभावना है कि वह किसी ट्रक का हेल्पर था, जो रुकने के लिए जगह तलाश रहा था। आसपास की जगहों में मृतक की पहचान के लिए पतासाजी जारी है। फिलहाल, पुलिस ने हत्या के प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का किया जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ मे दो दिवसीय प्रवास के दौरान धमतरी में आयोजित संविधान बचाओ दिवस कार्यक्रम तथा कांकेर में जिला स्तरीय कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में सम्मिलित होने के दौरान सिंग्नल चौक अभनपुर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर व नयापारा के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे,फूल मालाओ व जयघोषो के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रवास में श्री पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सचिन पायलट ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।

इस मौकेपर प्रमुख रूप से पीसीसी सचिव प्रवीण साहू,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ शर्मा, गिरधारी साहू, जिपं. सदस्य यशवंत साहू,लोकमनी कोशले, पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, चंद्रहास साहू, विमल साहू,डॉमन साहू, डोमेंद्र साहू, बीरेंद्र सिन्हा, बीरबल टंडन, नीलकमल गिलहरे, योगेश राठी तथा महिला कांग्रेस की श्रीमती नीमा निंबेकर, श्रीमती संध्या राव, , श्रीमती रानी सिन्हा, श्रीमती रोशनी कौशले, नीलकमल साहू सौरव साहू,हीरालाल साहू दिनेश राव अम्बिलकर, असलम मिर्जा, कमलेश टंडन,चोमेश्वर कुर्रे,प्रेमचंद सोनवानी,सोनजीत ध्रुव, प्रकाश चंद साहू,उमेश साहू व अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# तुहर एप्स पोर्टल में तकनीक समस्या से किसान परेशान

**आरंग।** ग्रामीण क्षेत्र में धान खरीदी के लिए लागू किए गए 'किसान तूहर टोकन ऐप/पोर्टल' द्वारा टोकन जारी करने की प्रक्रिया में लगातार तकनीकी समस्याएँ सामने आ रही हैं, जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों द्वारा मिली शिकायतों के अनुसार ऐप/पोर्टल पर बार-बार सर्वर डाउन होने, लॉगिन न होने, ओटीपी न आने, टोकन जेनरेट न होने जैसी समस्याएँ लगातार देखी जा रही हैं। कई किसान कई-कई दिनों से प्रयास करने के बावजूद टोकन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, जिससे धान खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि खरीदी सीजन शुरू होने के बावजूद ऑनलाइन सिस्टम सुचारू रूप से नहीं चल रहा, जिसके कारण मंडियों में प्रवेश के लिए आवश्यक टोकन समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। नेटवर्क समस्या वाले ग्रामीण क्षेत्रों में यह दिक्कत और भी ज्यादा बढ़ गई है। किसानों ने शासन ऐप/पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किये जाने, सर्वर क्षमता को बढ़ाए जाने, ओटीपी तथा टोकन जेनरेशन प्रक्रिया को सरल बनाए जाने और जरूरत पड़े तो ऑफलाइन टोकन व्यवस्था प्रतिशत बढ़ाए जाने की मांग की ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके। धान खरीदी राज्य की प्रमुख एवं संवेदनशील प्रक्रिया है। ऐसे में किसानों की सुविधा और डिजिटल व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली



**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में भव्य कलश यात्रा के साथ शीतला माता, अन्नपूर्णा माता की मूर्ति का स्थापना किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए हवन पूजन के बाद भंडारा महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## पेज 11 के शेष...

### स्मार्ट सिटी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट...

हवाला देकर टाल गए अफसर

महापौर मीनल चौबे ने स्वीकार किया, शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम ठप है। रायपुर नगर निगम को केंद्र सरकार द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग मद से लगातार तीन साल तक सिटी बस खरीदने राशि दी गई, पर कांग्रेस काल में निगम के विभागीय अधिकारियों ने एक साथ राशि आने पर बस खरीदने का हवाला देकर इसे टाल दिया। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मैंने सामान्य सभा में यह मामला प्रमुखता से उठाया, पर हमारी बात सुनी नहीं गई। इसका खामियाजा शहर की जनता को उठाना पड़ रहा है। मैंने शहर में सिटी बस व्यवस्था की जानकारी मंगाई, तो पता चला कि निगम की 40 सिटी बसों में से एक भी सिटी बस शहर के रहवासियों के लिए नहीं चल रही। मीनल चौबे ने आरोप लगाया कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में 20 करोड़ की राशि नगर निगम को तीन अलग-अलग वर्षों में सिटी बस क्रय करने मिली, पर इस राशि से बस नहीं खरीदी गई। उल्टा इस राशि को दूसरे कार्य में खर्च कर दिया। विभागीय अफसरों से वे इसका जवाब मांगेंगी।

रेलवे स्टेशन से कालीबाड़ी, पचपेड़ी नाका, शदाणी मार्केट होते माना बस्ती<B>

रायपुर रेलवे स्टेशन से कालीबाड़ी चौक, पचपेड़ी नाका, लालपुर, देवपुरी, डूमतराई से शदाणी दरबार होकर माना बस्ती तक सिटी बस चलती थी। जानकारों कहना है कि इस मार्ग में सबसे ज्यादा सवारी शहर से डूमतराई थोक बाजार आने-जाने वाले हमालों, स्टाफ की रहती, जो सुबह से बाजार जाने निकलते और देर शाम काम पूरा कर अपने घर लौटते। यही नहीं, स्टेशन से कालीबाड़ी चौक, पचपेड़ी नाका पहुंचना आसान रहा। लालपुर, देवपुरी के ग्रामीण भी इस सेवा का लाभ उठाते रहे। सिटी बस सेवा बंद होने से लोग परेशान हैं। आटो किराया सिटी बस की तुलना में दोगुना, तीन गुना ज्यादा है। पचपेड़ी नाका चौक पर अघोषित रूप से आटो को अव्यवस्थित खड़ा करने से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है।

### रेलवे स्टेशन से नंदनवन...

और सैर कर लौटते। सूत्रों के मुताबिक इस रूट में नियमित रूप से बस का संचालन होने पर सवारी अच्छी मिलती। नए अनुबंध के बाद इस मार्ग पर सिटी बस सेवा बंद कर दी गई है। पार्षद संदीप साहू ने बताया कि प्रभावित इलाके के रहवासी सिटी बस सेवा प्रारंभ करने की मांग कर रहे हैं।

### 238 पदों के लिए पीएससी ने निकाली...

सहायक आयुक्त के 10, श्रम पदाधिकारी के 2, रोजगार अधिकारी के 4, महिला एवं बाल विकास अधिकारी में सहायक संचालक के 4, जिला पंजीयक के 3, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ख वर्ग के 18, वर्ग ग के 33, बाल विकास परियोजना अधिकारी के 5, छग अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के 16, नायब तहसीलदार के 53, राज्य कर निरीक्षक के 17, आबकारी उप निरीक्षक के 11, उप पंजीयक के 12 तथा सहायक जेल अधीक्षक के 6 पद शामिल हैं।

### अंबिकापुर में लौटी टंड...

पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम होकर 7.5 तक पहुंचा है, वहीं बाहरी इलाकों में पारा 5 से 6 डिग्री रिकार्ड किया जा रहा है, जिससे वहां शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। इधर मध्य यानी रायपुर समेत आसपास के इलाके और जगदलपुर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।यहां रात में हल्की ठंड महसूस हो रही है और दिन में गर्मी का प्रभाव है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सबसे अधिक तापमान दुर्ग का 31.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। अगले दो दिनों तक तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना बनी हुई है।

इसके बाद बंगाल की खाड़ी में होने वाली हलचल से पुनः नमी युक्त हवा का राज्य में प्रवेश होगा।

# आरंग की बेटी निशा ठाकुर का डीएसपी पद पर चयन

**आरंग।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर गांव की बेटी निशा ठाकुर ने डीएसपी (पुलिस उप अधीक्षक) बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांगन ने उन्हें संविधान पुस्तक, साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम सकरी (कोरासी) निवासी शिक्षक माखन ठाकुर की बेटी निशा ठाकुर ने बेहद कम उम्र—सिर्फ 22 वर्ष में यह उपलब्धि हासिल की है। उनके स्कूल के शिक्षक, साथ पढ़े छात्र-छात्राएं, ग्रामीण तथा आसपास के सभी क्षेत्रों में खुशी की लहर है। वर्ष 2019–20 में उन्होंने स्कूल में 87% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया था। इसके बाद आरंग नगर स्थित बद्री प्रसाद महाविद्यालय से बीएससी की प्राइवेट पढ़ाई कर भी प्रथम स्थान प्राप्त



किया। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांगन ने कहा कि निशा ठाकुर की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। मध्यवर्गीय परिवार से आने के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत, समर्पण और संघर्ष के बल पर यह सफलता पाई है। उन्होंने साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल में भी असाधारण प्रतिभाएं हैं—बस सही मार्गदर्शन और दिशा मिले तो सफलता दूर नहीं रहती। निशा ठाकुर ने कक्षा पहली से 12वीं तक की पढ़ाई गांव में ही की। उनकी प्रतिभा शुरू से ही स्पष्ट थी।

## शुक्ला कालेज में नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान हुआ

# नारी सशक्तिकरण एक सामाजिक अभियान महिलाओं को संबल करता है प्रदान : डा. विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां में 26 नवंबर को नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ सुनीता दुबे विभागाध्यक्ष वाणिज्य द्वारा कार्यक्रम के संक्षिप्त परिचय से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा कौशिक द्वारा विषय से संबंधित रूपरेखा प्रस्तुत की गई एवं आमंत्रित अतिथि का औपचारिक स्वागत किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी एवं नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. (श्रीमती) विनोद शर्मा भूतपूर्व प्राचार्य एवं संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक शब्द नहीं बल्कि एक विचार एक आंदोलन और एक ऐसी प्रक्रिया है जो समाज में महिलाओं को समान अधिकार अवसर और सम्मान दिलाने की दिशा में काम करती है। नारी सशक्तिकरण का महत्व बताते हुए उन्होनें बताया कि महिला और पुरुष दोनों समाज के दो पहिए हैं। यदि एक कमजोर है तो समाज आगे नहीं बढ़ सकता। शिक्षा, तकनीक, करियर, राजनीति, अर्थव्यवस्था किसी भी क्षेत्र में महिलाएँ पीछे रहें तो देश की प्रगति अधूरी रह जाती है। नारी का सशक्त होना ही एक सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के तीन मुख्य स्तंभों पर प्रकाश डाला पहला शिक्षा ही वह शक्ति है जो आत्मविश्वास बढ़ाती है निर्णय लेने की क्षमता देती है दूसरा आर्थिक स्वतंत्रता जब महिला आर्थिक रूप से सक्षम होती है, तब वह अपने जीवन के फैसले खुद ले सकती है अपने और परिवार के सपनों को सच कर सकती है एवं समाज में उसका सम्मान स्वतः बढ़ जाता है तीसरा आत्मविश्वास और आत्मरक्षा अपनी आवाज उठाना, अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देना गलत के खिलाफ खड़े होना यही असली सशक्तिकरण की पहचान है। अंत में उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है । वक्ता द्वारा छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम मे सभी संकाओ के छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सम्मिलित हुए।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं भोगचंद टंडन उम्र 55 वर्ष पिता स्व. धीराजी टंडन जाति सतनामी निवासी ग्राम जंजगीरा पोस्ट मढ़ी थाना धरसींवा तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि मैं निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मुझे अपने एवं अपने पिता के नाम के संबंध में सही जानकारी देना है जिसके संबंध में उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है ।
3. यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम भोगचंद टंडन पिता श्री धीराजी टंडन है जो कि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेज जैसे आधार कार्ड क्र. 5387 2886 7024 में एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है परन्तु मेरे हक एवं स्वामित्व की भूमि जो कि ग्राम जंजगीरा प.ह.न. 35 रा.नि.म. बंगोली तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा क्र. 179/2 का रकबा 0.179 हे. भूमि स्थित है जिसके राजस्व अभिलेख में भोगचंद उर्फ होप बंद पिता स्व. घिराजी का नाम दर्ज है जो कि मेरा एवं मेरे पिता का ही नाम है।
4. यह कि उक्त नाम भोगचंद टंडन पिता श्री धीराजी टंडन एवं भोगचंद उर्फ होप चंद पिता स्व. धिराजी नाम मेरे स्वंय एवं मेरे पिता के ही नाम है तथा मुझे एवं मेरे पिता को उक्त नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाता है तथा मेरे स्वामित्व की भूमि में दर्ज नाम भोगचंद उर्फ होप बंद पिता स्व. धिराजी का नाम विलोपित किया जाकर हमारा वास्तविक व सही नाम भोगचंद टंडन पिता श्री धीराजी टंडन नाम दर्ज किये जाने के संबंध में उक्त शपथपत्र प्रस्तुत है।
5. यह कि शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है इस संबंध में जो भी नियम व शर्ते होगा उसे मैं पालन करने के लिए बाध्य रहूंगा तथा मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है अगर भविष्य में दी गई जानकारी झूठा एवं असत्य पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकता है जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

**सत्यापन** **शपथकर्ता**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक का कथन मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण सत्य एवं सही है तथा किसी भी तथ्य को छिपाया नही गया है जिसे पढ़कर सुनकर समझकर आज दिनांक 26/11/2025 को मुकाम तिल्दा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**शपथकर्ता**

# नवा रायपुर में तीन दिन माल वाहक वाहनों की आवाजाही पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवा रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक आयोजित डीजी कांन्फ्रेंस को लेकर आईपीएस प्रशांत अग्रवाल ने बुधवार को ट्रैफिक थाना में ट्रैफिक पुलिस अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में रेंज के सभी जिलों के ट्रैफिक पुलिस के अफसर तथा कर्मी शामिल हुए। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री तथा डीजी कांन्फ्रेंस में शामिल होने आने वाले अफसरों की सुचारू रूप से आवाजाही करने किसी तरह से कोई परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नवा रायपुर की सड़कों को विशेष रूप से तीन दिन तक मवेशी मुक्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के जवानों को ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो इसके लिए अपने संबंधित अफसर को तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नवा रायपुर के प्रमुख मार्गों के साथ नवा रायपुर पहुंच मार्ग, आसपास के ऐसे गांव जहां से नवा रायपुर का रास्ता जाता है, उन सभी स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस के जवानों को पूरे समय अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग आईबी के साथ पुलिस मुख्यालय कर रहा

### पांच सौ ट्रैफिक पुलिस जवानों की तैनाती

ट्रैफिक सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए पांच सौ ट्रैफिक पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। तैनाती के लिए रायपुर के साथ अन्य जिलों के ट्रैफिक बल बुलाए गए हैं। नवा रायपुर जाने वाले व्यस्त मार्ग तेलीबांधा, माना, फुंडहर चौक तथा एयरपोर्ट में अतिरिक्त ट्रैफिक बल की तैनाती की जाएगी।



### मॉनिटरिंग आईबी के साथ पुलिस मुख्यालय कर रहा

डीजी कांन्फ्रेंस में किन-किन जगहों में कितना बल लगेगा, इसकी मॉनिटरिंग आईबी के साथ पुलिस मुख्यालय कर रहा है। आईबी तथा पुलिस मुख्यालय के निर्देश के हिसाब से बल की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा के लिए केंद्रीय के साथ राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। एसपीजी के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल तथा राज्य पुलिस की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को संयुक्त रूप से सुरक्षा अभ्यास किया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर निकाली जागरुकता रैली



**रायपुर।** राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (डॉ. वर्गीज़ कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में) के अवसर पर छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा मरीन ड्राईव, तेलीबांधा तालाब में बुधवार को एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा के बाद उपस्थित समस्त लोग तेलीबांधा तालाब में लगभग तीन किलोमीटर लम्बे वॉकाथान-जागरूकता रैली में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस चंद्रकान्त वर्मा, विशिष्ठ अतिथि डॉ. सुधीर, दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, तथा कॉलेज के समस्त प्रध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ, डॉ. केके ध्रुव, अपर संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, डॉ. मौसम मेहरा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी पशुधन विकास विभाग के साथ छग राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के प्रबंध संचालक डॉ. सैकत सामन्त, दुग्ध महासंघ स्टॉफ, देवभोग मिल्क पार्लर संचालक विक्रेताओं एवं रायपुर शहर के नागरिक शामिल हुए।

### बिलासपुर-बेंगलुरु के बीच विंटर स्पेशल

**रायपुर।** ठंडी की छुट्टियों में सैर-सपाटा करने वालों को बेंगलुरु जाने के लिए ट्रेन की सुविधा मिलेगी। दिसंबर में महीनेभर संचालित होने वाली यह ट्रेन प्रत्येक मंगल और बुधवार को आवाजाही करेगी। बिलासपुर से संचालित होने वाली यह ट्रेन भाटापारा, रायपुर, दुर्ग सहित अन्य स्टेशनों पर रुकेगी। दिसंबर की छुट्टियों के दौरान घूमने-फिरने जाने वालों की वजह से ट्रेनों में दबाव बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

## अफसरों के साथ केंद्रीय मंत्री के अस्थायी आवास में करेंगे ड्यूटी

# तीन दिनों की डीजीपी कांफ्रेंस, डाक्टरों के साथ सौ की टीम तैनात, एंबुलेंस भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में होने वाली डीजीपी कांफ्रेंस के दौरान दर्जनभर डाक्टरों के साथ एडवांस लाइफ स्पोर्टिंग सिस्टम से लैस एंबुलेंस सहित सौ लोगों की टीम तैनात रहेगी। अफसरों के साथ प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री के आगमन को देखते हुए डाक्टरों की ड्यूटी रोटेशन आधार पर लगाई गई है। इस वृहद आयोजन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय के साथ प्राइवेट सेक्टर के चिकित्सकीय स्टाफ की मदद ली गई है।

28, 29, 30 नवंबर को होने वाली डीजीपी कांफ्रेस में देशभर की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े अफसर शामिल होंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक को देखते हुए वृहद स्तर इंतजाम किया गया है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारी की है। पिछले कई दिनों से संचालनालय स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बैठक स्थल से लेकर अफसरों और मंत्रियों के ठहरने वाले स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। शासकीय के साथ प्राइवेट सेक्टरों से भी डाक्टरों की यहां ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा तमाम स्थानों पर तैनाती के लिए दर्जनभर से ज्यादा एएलएस एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक स्थल पर विषय विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ मेडिकल ऑफिसर और अन्य चिकित्सकों को आवश्यक दवाओं के साथ तैनात किया गया है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लगभग सौ लोग इन तीन दिनों तक नवा रायपुर में होने वाले कार्यक्रम में अपनी ड्यूटी देंगे। सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि डाक्टरों सहित अन्य स्टाफ की अलग-अलग टीम बनाई गई है और उन्हें तमाम आवश्यक दवाओं के साथ तैनात रहने कहा गया है।



फाइल फोटो

### तीन दिसंबर को क्रिकेट

नवा रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम में 3 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। मैच में भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग से मदद मांगी गई है। माना जा रहा है कि इसके लिए भी डाक्टर सहित अन्य स्टाफ और एंबुलेंस को तैनात किया जाएगा। अफसरों के मुताबिक डीजीपी कांफ्रेंस निपटने के बाद इस मामले पर विचार किया जाएगा।

### बड़े अस्पतालों में विशेष इंतजाम

*डीजीपी कांफ्रेस और वीआईपी प्रवास को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजधानी के कुछ बड़े अस्पतालों में विशेष इंतजाम किया गया है। अस्पताल प्रबंधनों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए उपचार से संबंधित तमाम व्यवस्था अपडेट रखी जाए।अस्पताल में इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए कुछ बेड रिजर्व रखा जाए। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर के साथ आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं का भी पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। विभिन्न समूहों के रक्त का इंतजाम रखा जाए। तीन दिन इस आयोजन के दौरान विभागीय अधिकारियों की गई व्यवस्था की बराबर मानिटरिंग करने निर्देशित किया गया है। इस हाईलेवल की मीटिंग को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा डाक्टरों की ड्यूटी अलग-अलग टीम बनाकर तय की गई है। सभी टीमों में चिकित्सा अधिकारियों के साथ नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ को तैनात किया गया है।*

# बुजुर्ग महिला को न्याय का इंतजार, कोर्ट के आदेश के बाद भी चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर ने नहीं लौटाई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- साढ़े तीन लाख रुपए को वापस लेने के लिए भटक रही है महिला

चिटफंड कंपनी का शिकार हुई एक बुजुर्ग महिला को कोर्ट के आदेश के बाद भी न्याय नहीं मिल पाया है। यह महिला पिछले 6 साल से चिटफंड कंपनी जेएसटी होम्स प्राइवेट लिमिटेड में अपने पति के डूबे हुए साढ़े तीन लाख रुपए को वापस लेने के लिए भटक रही है, पीड़िता का दावा है कि कंपनी के डायरेक्टर तारक रंजन मांझी एवं शिखा मांझी को अपनी दो वर्ष की सजा भुगतने के बाद दो वर्ष के भीतर यह रकम लौटानी थी। इसके लिए आरोपियों ने कानूनी इकरारनामा करते हुए महिला को चेक भी दिए थे, जो बाउंस हो गए हैं। इसके बाद से बुजुर्ग महिला इस राशि को पाने के लिए लगातार पुलिस और कोर्ट का दरवाजा खटखटा रही है।



### प्रॉपर्टी बेचकर राशि चिटफंड कंपनी में की थी निवेश

ग्राम पिरदा निवासी निर्मला देवी राजपूत (70) ने बताया कि उसके स्वर्गीय पति बसंत कुमार राजपूत ने जीवित रहते हुए वर्ष 2013 में गुरुद्वारा रोड श्यामनगर स्थित जेएसटी होम्स नामक चिटफंड कंपनी में साढ़े तीन लाख रुपए निवेश किया था। इस कंपनी के डायरेक्टर रंजन मांझी एवं शिखा मांझी निवासी अमलीडीह राजेंद्रनगर हैं। उसके पति को इस कंपनी में काम करने वाले अन्य लोगों ने दोगुना मुनाफा होने का लालच देकर कंपनी में पैसे निवेश कराए थे। जब उसके पैसे डूब गए, तो उसके पति बसंत ने कंपनी के डायरेक्टरों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। इस मामले में रायपुर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दो साल की सजा सुनाते हुए बसंत राजपूत के डूबे पैसे लौटाने का आदेश दिया था। इसके तहत बसंत राजपूत और कंपनी के डायरेक्टर के बीच में इकरारनामा भी हुआ था, जिसमें जेल से छूटने के 6 महीने के बाद से दो साल के भीतर किस्तों में यह राशि लौटाई जानी थी। इसके लिए प्रति माह 20 हजार रुपए का चेक भी बसंत राजपूत को दिए गए थे, लेकिन जेल से छूटने के बाद आरोपियों ने किस्त की राशि बैंक में जमा नहीं कराई, जिसके कारण एक के बाद एक सभी चेक बाउंस हो गए।

### पीड़िता ने न्याय पाने दोबारा कोर्ट में लगाई अर्जी

निर्मला देवी राजपूत ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद भी अभी तक उसे न्याय नहीं मिल पाया है। चिटफंड का शिकार होने के बाद उसके पति की सदमें में तबीयत खराब रहने लगी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद आर्थिक रूप से परेशान निर्मला राजपूत ने अपने पति के डूबे पैसे चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर से वापस पाने के लिए अब दोबारा कोर्ट में अर्जी लगाई है।

### शिव महापुराण कथा के लिए आज निकलेगी कलश यात्रा



**रायपुर।** मुकुट नगर स्थित गार्डन में सात दिवसीय 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस शिव महापुराण कथा के लिए गुरुवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। मुकुट नगर परिवार द्वारा आयोजित कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन राष्ट्रीय संत एवं प्रसिद्ध कथावाचक राजीवनयन महाराज द्वारा किया जाएगा, जबकि भजन सम्राट संजीवनयन अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को शिव भक्ति में डुबो देंगे।

## ब्राह्मण बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी, जिलाधीश और कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश अजाक्स पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण कन्याओं पर सार्वजनिक मंच से दिए गए घोर आपत्तिजनक, निंदनीय वक्तव्य से संपूर्ण देश के ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। रायपुर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है। इसी दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि, भारतीय समाज में कन्याएं सदैव सम्मानीय रही हैं, हम सभी समाज की कन्याओं, नारियों का सम्मान करते हैं। मध्यप्रदेश अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष जो आईएएस भी हैं, ने अपने पद की गरिमा के विपरीत आचरण करते हुए ब्राह्मण समाज की कन्याओं को लेकर गैर जिम्मेदाराना, असंवैधानिक, सामाजिक मर्यादाओं के विपरीत बहुत ही निंदनीय वक्तव्य दिया है। ज्ञापन देने वालों में प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से विभा तिवारी, भारती शर्मा, प्रीति शुक्ला, मृणालिका ओझा, सुनीता मिश्रा, सरिता शर्मा, ज्ञानेश शर्मा आदि शामिल रहे।



# स्कूलों में किचन गार्डन-पोषण वाटिका का विस्तार करने पौधे लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय संचालन एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक ली। इस बैठक में कलेक्टर ने सभी शासकीय स्कूलों में किचन गार्डन एवं पोषण वाटिका के विस्तार के लिए लौकी, पालक, धुरही, करेला, पोदीना, मिर्ची, टमाटर, धनिया और मुनगा के पौधे लगाने के निर्देश दिए हैं।

**लाभान्वित बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोरः** कलेक्टर ने बैठक में लाभांवित बच्चों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शालाओं में किचन गार्डन/पोषण वाटिका के विस्तार हेतु लौकी, पालक, धुरही, करेला, पोदीना, मिर्ची, टमाटर, धनिया और मुनगा के पौधे लगाने के साथ एलपीजी गैस की उपलब्धता प्रति माह 25 प्रतिशत बढ़ाकर गैस सिलेंडर से मध्यान्ह भोजन तैयार करने के निर्देश दिए गए। डॉ. सिंह ने बताया कि नवंबर माह में जिले की 658 शालाओं में 'न्योता भोजन' सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है। उन्होंने इस कार्यक्रम में सामाजिक व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और पालकों की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही विशेष अवसरों पर अधिकारियों व कर्मचारियों को भी शालाओं में 'न्योता भोजन' कराने का आह्वान किया।



### विशेष अवसरों को आओ खुशियां बांटे परियोजना से जोड़ने पर चर्चा

कलेक्टर ने बैठक में पालकों की जन्मतिथि या विशेष अवसरों को गूगल शीट में दर्ज कर उन्हें "आओ खुशियां बांटें" परियोजना से जोड़ने की पहल पर भी चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जिले की 97 प्रतिशत शालाओं में स्व-सहायता समूहों द्वारा मध्यान्ह भोजन संचालित हो रहा है, जिसे कलेक्टर ने 100 प्रतिशत तक ले जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, जिला पंचायत सी.ई.ओ. कुमार बिश्वरंजन, पार्षद सरिता आकाश दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठहरने के लिए ठिकाना ढूंढने आया, सिर पर बत्ता मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-53 स्थित एक बंद ढाबा में अज्ञात युवक की मंगलवार शाम हत्या कर दी गई। पुलिस ने ढाबा के कुक को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। हुलिया के आधार पर पुलिस मृतक के किसी ट्रक का हेल्पर होने की आशंका व्यक्त कर रही है।

पुलिस के अनुसार लवली ढाबा के स्टाफ क्वार्टर में अज्ञात युवक की लाश मिली है। मृतक के सिर तथा माथे पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना दिनांक से दो दिन पूर्व से ढाबा बंद है। ढाबा की देख-रेख करने वहां काम करने वाला महासमुंद, तुमगांव निवासी कुक चुन्नू टंडन को पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।



### बंद ढाबा देख रुकने के लिए आया था

चुन्नू ने पुलिस को बताया है कि वह किसी काम से बाहर गया था। लौटा तो उसने देखा, ढाबा के स्टाफ क्वार्टर में अज्ञात युवक घुसा है। पूछताछ करने पर युवक ने ढाबा कर्मी को रुकने के लिए आने की बात कही। इस पर ढाबा कर्मी ने अज्ञात युवक को ढाबा से चले जाने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस बीच गुस्से में आकर चुन्नू ने ढाबा में रखा लकड़ी का बत्ता उठाकर अज्ञात युवक के सिर तथा माथे पर वार कर दिया। बत्ते के वार से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## बिजनेस साइट

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में न्यूरो क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस हुई



**रायपुर।** आईएसए–2025 की पांच दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस के तहत बुधवार को श्री नारायणा हॉस्पिटल में 'एक्यूट न्यूरो क्रिटिकल केयर' विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अस्पताल के न्यूरो क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. पंकज ओमर ने बताया कि कोमा पेशेंट की अप्रोच, ट्रॉमैटिक ब्रेन/स्पाइन इंजरी, एक्यूट स्ट्रोक तथा मेनिन्जाइटिस- एन्सेफलाइटिस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशभर से आए 50 से अधिक विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों और बेस्ट प्रैक्टिसेस से अवगत कराया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' सफल, 3.65 लाख किसानों से जुड़ाव

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी विशेष ग्रामीण पहल 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 8वें संस्करण का सफल समापन किया। इस दौरान बैंक ने देशभर में 3.65 लाख से अधिक किसानों से संवाद स्थापित किया और 'आत्मनिर्भरता की ओर' थीम के तहत 5,636 करोड़ रुपये से अधिक के कृषि ऋणों को मंजूरी दी। पखवाड़े में किसान मेले, चौपाल, क्रेडिट शिविर और वित्तीय साक्षरता सत्र जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण, ड्रोन तकनीक, एफपीओ और एसएचजी ऋणों की जानकारी दी गई। कई किसानों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। बैंक ने डिजिटल बीकेसीसी, डिजिटल गोल्ड लोन और अन्य डिजिटल ऋण समाधानों का भी प्रदर्शन किया, जिससे किसानों के लिए ऋण प्राप्ति प्रक्रिया और सरल हुई। बैंक के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा कि यह पहल किसानों को सुलभ और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। बैंक का कृषि ऋण सितंबर 2025 तक 1,69,703 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव हुआ

**रायपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल तेंदुआ में सत्र 2025-26 के अंतर्गत दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत ढंग से मशाल जलन, मार्च पास्ट, पीटी तथा आकर्षक ड्रिल प्रदर्शन के साथ हुई। खेल उत्सव में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर, 50 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, शॉट पुट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट (बॉयज/गर्ल्स), टग ऑफ वॉर, मार्बल रेस और रिले रेस जैसी कई रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में तेन्दुआ ग्राम की सरपंच रितु साहू, राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी छगनू राम साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल प्रबंधन से चेयरमैन जेपी मणि, डायरेक्टर शिप्रा त्रिपाठी और प्राचार्या दीपिका अग्रवाल ने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।



## पेज 11 के शेष

### स्मार्ट सिटी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट...

हवाला देकर टाल गए अफसर - महापौर मीनल चौबे ने स्वीकार किया, शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम ठप है। रायपुर नगर निगम को केंद्र सरकार द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग मद से लगातार तीन साल तक सिटी बस खरीदने राशि दी गई, पर कांग्रेस काल में निगम के विभागीय अधिकारियों ने एक साथ राशि आने पर बस खरीदने का हवाला देकर इसे टाल दिया। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मैंने सामान्य सभा में यह मामला प्रमुखता से उठाया, पर हमारी बात सुनी नहीं गई। इसका खामियाजा शहर की जनता को उठाना पड़ रहा है। मैंने शहर में सिटी बस व्यवस्था की जानकारी मंगाई, तो पता चला कि निगम की 40 सिटी बसों में से एक भी सिटी बस शहर के रहवासियों के लिए नहीं चल रही। मीनल चौबे ने आरोप लगाया कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में 20 करोड़ की राशि नगर निगम को तीन अलग-अलग वर्षों में सिटी बस क्रय करने मिली, पर इस राशि से बस नहीं खरीदी गई। उल्टा इस राशि को दूसरे कार्य में खर्च कर दिया। विभागीय अफसरों से वे इसका जवाब मांगेंगी।

रेलवे स्टेशन से कालीबाड़ी, पचपेड़ी नाका, शदाणी मार्केट होते माना बस्ती- रायपुर रेलवे स्टेशन से कालीबाड़ी चौक, पचपेड़ी नाका, लालपुर, देवपुरी, डूमतराई से शदाणी दरबार होकर माना बस्ती तक सिटी बस चलती थी। जानकारों कहना है कि इस मार्ग में सबसे ज्यादा सवारी शहर से डूमतराई थोक बाजार आने-जाने वाले हमालों, स्टाफ की रहती, जो सुबह से बाजार जाने निकलते और देर शाम काम पूरा कर अपने घर लौटते। यही नहीं, स्टेशन से कालीबाड़ी चौक, पचपेड़ी नाका पहुंचना आसान रहा। लालपुर, देवपुरी के ग्रामीण भी इस सेवा का लाभ उठाते रहे। सिटी बस सेवा बंद होने से लोग परेशान हैं। आटो किराया सिटी बस की तुलना में दोगुना, तीन गुना ज्यादा है। पचपेड़ी नाका चौक पर अघोषित रूप से आटो को अव्यवस्थित खड़ा करने से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है।

### रेलवे स्टेशन से नंदनवन...

और सैर कर लौटते। सूत्रों के मुताबिक इस रूट में नियमित रूप से बस का संचालन होने पर सवारी अच्छी मिलती। नए अनुबंध के बाद इस मार्ग पर सिटी बस सेवा बंद कर दी गई है। पार्षद संदीप साहू ने बताया कि प्रभावित इलाके के रहवासी सिटी बस सेवा प्रारंभ करने की मांग कर रहे हैं।

### 238 पदों के लिए पीएससी ने निकाली...

सहायक आयुक्त के 10, श्रम पदाधिकारी के 2, रोजगार अधिकारी के 4, महिला एवं बाल विकास अधिकारी में सहायक संचालक के 4, जिला पंजीयक के 3, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ख वर्ग के 18, वर्ग ग के 33, बाल विकास परियोजना अधिकारी के 5, छग अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के 16, नायब तहसीलदार के 53, राज्य कर निरीक्षक के 17, आबकारी उप निरीक्षक के 11, उप पंजीयक के 12 तथा सहायक जेल अधीक्षक के 6 पद शामिल हैं।

### अंबिकापुर में लौटी ठंड...

पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम होकर 7.5 तक पहुंचा है, वहीं बाहरी इलाकों में पारा 5 से 6 डिग्री रिकार्ड किया जा रहा है, जिससे वहां शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। इधर मध्य यानी रायपुर समेत आसपास के इलाके और जगदलपुर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।यहां रात में हल्की ठंड महसूस हो रही है और दिन में गर्मी का प्रभाव है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सबसे अधिक तापमान दुर्ग का 31.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। अगले दो दिनों तक तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना बनी हुई है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में होने वाली हलचल से पुनः नमी युक्त हवा का राज्य में प्रवेश होगा।

### सचिन पायलट को भारत का संविधान किताब भेंट

**रायपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने आज संविधान दिवस के पावन अवसर पर बुधवार को एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट का स्वागत भारत का संविधान की किताब दे कर किया गया। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने विगत 40 साल से कांग्रेस के बूथ का कार्य देख रहे है कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता लखपति छतरी मोहम्मद हारुन बैग का सचिन पायलट जी ने फूल माला पहना कर स्वागत किया और कहा कि आप आप जैसे पुराने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की पहचान है स्वागत में प्रमुख रूप से कृष्णा धनकर जीवन धनकर शाबाज सौरभ हैदर विकाश मोहम्मद आफताब आशु बॉबी शिवम निखिल शीश शुक्ला सेवक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एम्स कर्मी से लूट आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने की पुलिस ने एम्स कर्मी से लूट के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। नरेंद्र ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने रतन उर्फ राजा महानंद को गिरफ्तार किया है। नरेंद्र ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 17 नवंबर को ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर जा रहा था। लिफ्ट लेने के बहाने रतन दोपहिया में सवार हो गया और पुराना शराब भट्टी के पास दोपहिया रोक कर जबरन गाड़ी की चाबी छीन कर नरेंद्र की जेब से नकदी 22 सौ रुपए लूट कर फरार हो गया।



## खबर संक्षेप

### प्रगतिशील सतनामी समाज ने मनाया संविधान दिवस



**रायपुर।** संविधान दिवस के शुभ अवसर पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज रायपुर शहर की टीम ने आंबेड़कर चौक में बाबा साहेब आंबेड़कर की मूर्ति पर माल्यअर्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और संविधान दिवस मनाया गया। साथ ही संविधान के राह पर चलते हुए आगे कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोज बंजारे, पप्पु बागड़े, नरोत्तम घृतलहरे, छेदन रात्रे, अनिल कोसले, उमेश डांडे, धर्मेन्द्र ढीढी, पप्पु गायकवाड़ एवं महिला प्रभारी भी शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में हमें अपना सहयोग प्रदान किया।

## निधन/श्रद्धांजलि

### कीर्तिनारायण द्विवेदी को अकबर ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कीर्तिनारायण द्विवेदी का 25 नवंबर को ग्वालियर में 84 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हुआ।

### द्विवेदी को पिछड़ा वर्ग की विनम्र श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास संगठन ने हरीभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि देने वालों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

### शांतिलाल बुरड़

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी



शांतिलाल बुरड़ का 26 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 नवंबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कस्तुर चंद, महावीर चंद के भतीजे, प्रकाश चंद, अशोक कुमार, विमल चंद के भाई तथा राजेश, सुशील के पिता थे।

### कौशल्या देवी जैसरानी

**रायपुर।** तेलीबांधा निवासी



कौशल्या देवी जैसरानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 नवंबर को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे महेंद्र, सुरेंद्र, नरेंद्र जैसरानी, अनिल नारवानी, महेश की माता थीं।

### शरद कुमार सोनी

**रायपुर।** कंकाली पारा, चौबे



कॉलोनी निवासी शरद कुमार सोनी (59) का 26 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघट के लिए निकलेगी। वे शिव कुमार सोनी के भतीजे, स्व. प्रदीप, नीरज, सुधीर के भाई, आशीष के चाचा, सुजल, शुभांगी के पिता थे।

### दौलत राम यदु

**रायपुर।** अभनपुर क्षेत्र के ग्राम



परसदा निवासी दौलत राम यदु (78) का 25 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मुक्तिधाम में किया गया। वे रेखा यदु के पति और जयप्रकाश, ओमप्रकाश के पिता थे।

### रणजीत सिंह भाटिया

**रायपुर।** श्याम प्लाजा रविनगर



निवासी सरदार रणजीत सिंह भाटिया (खरोरा-कनकी वाले) का 26 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 नवंबर को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अमरजीत सिंह भाटिया, महेन्द्रपाल सिंह भाटिया, इंदरपाल सिंह भाटिया, निर्मल सिंह भाटिया एवं देवेन्द्र सिंह भाटिया के पिता थे।

# पापुनि से किताबें नहीं लेने वाले 1730 स्कूलों को राहत, नहीं होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पाठ्य पुस्तक निगम से किताबें नहीं लेने वाले 1730 स्कूलों को राहत मिल गई है। फिलहाल इन निजी विद्यालयों पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होगी। पाठ्य पुस्तक निगम पहली से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निशुल्क किताब वितरण करता है। शासकीय विद्यालयों के साथ निजी विद्यालयों को भी ये किताबें निशुल्क वितरित की जाती हैं। इस बार भी जिलेवार तय शेड्यूल के अनुसार किताबें वितरित की गईं। प्रदेश में 1730 निजी स्कूल ऐसे रहे, जिन्होंने पापुनि से किताबें नहीं ली। पापुनि ने इन विद्यालयों पर उचित कार्रवाई करते हुए मान्यता रद्द किए जाने संबंधित कार्रवाई के लिए प्रशासन को खत लिखा था। पापुनि का तर्क था कि यू-डाइस में दर्ज संख्या के आधार पर निजी स्कूलों के लिए किताबें छापी गई हैं। उनके द्वारा किताबें डिपो से नहीं उठाए जाने के कारण अनावश्यक व्यय हुआ है।

**खास बातें**

- पाठ्य पुस्तक निगम ने मान्यता रद्द करने भेजा था प्रस्ताव
- निजी स्कूलों का तर्क–दो माह तक इंतजार नहीं कर सकते



### शुरू कर चुके अध्यापन

निजी स्कूलों ने इस कार्रवाई के विरोध में तर्क दिया था कि पापुनि द्वारा किताबें स्कूल खुलने के 2 से 3 माह बाद वितरित की गई है। इतने लंबे समय तक इंतजार करने से छात्रों के परीक्षा परिणाम में दुष्प्रभाव पड़ता। इसे देखते हुए उनके द्वारा निजी प्रकाशकों की किताबें से अध्ययन कार्य प्रारंभ कर दिया गया। निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, चूंकि पढ़ाई प्रारंभ की जा चुकी थी, इसलिए उनके द्वारा किताबें नहीं ली गईं। मान्यता रद्द करने संबंधित जो खत लिखा गया था, वो एकपक्षीय था। हमने अपनी मांग रखते हुए कार्रवाई से राहत चाही थी।

## पूर्व में ब्लैक स्लाथ बीयर ले जाने के आदेश को लटका कर रद्द कराया

# सफेद भालू को बीमार बताने की साजिश कर ग्रीन जूलॉजिकल पार्क को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जंगल सफारी में मनमानी चरम पर है। आंबानी के जू को लाभ पहुंचाने सफारी प्रबंधन ने ऐसी साजिश रची कि रेयर प्रजाति के सफेद भालू के शावक को सौंपने सफारी प्रबंधन ने बीमार बता दिया। सफेज भालू के बदले में राधा कृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से दो जेब्रा, मीरकैट ले आए। एल्बिनो स्लॉथ बीयर अर्थात सफेद भालू दुनियाभर में विरली प्रजाति का वन्यजीव है। जैनेटिक समस्या की वजह से सफेद भालू का जन्म होता है। जिन तीन सफेद भालू के शावकों को सौंपा गया है, उन भालुओं को मरवाही के जंगल से रेस्क्यू कर जंगल सफारी में रखा गया था। सफेद भालू को बीमार बताकर अंबानी के जू को सौंपे जाने की पुष्टि आरटीआई से निकाली गई जानकारी से हुई है।

- रेयर प्रजाति में शामिल है सफेद भालू

गुजरात जामनगर स्थित ग्रीन जूलॉजिकल पार्क के आवेदन पर सीजेडए ने 28 अप्रैल 2024 को चार सामान्य काले भालू के बदले दो जेब्रा तथा चार मीरकैट की अदला-बदली करने स्वीकृति दी थी। सीजेडए की उक्त स्वीकृति 27 नवंबर 2024 तक वैध थी। सफारी में सफेद भालू आने के बाद 23 अगस्त 2024 को और सफेद भालू आने के बाद जंगल सफारी के तत्कालीन डायरेक्टर ने राधा कृष्ण वेलफेयर ट्रस्ट को पत्र लिख कर अपने यहां जू में सफेद भालू के होने की जानकारी दी। इसके बाद तत्कालीन पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल से टेलिफोनिक चर्चा का हवाला देकर सफेद भालू का उचित उपचार करने राधा कृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट भेजने प्रस्ताव भेजा।

**मौखिक आदेश का हवाला देकर दिए सफेद भालू :** सफेद भालू देने जंगल सफारी के तत्कालीन डायरेक्टर धमशील गणवीर ने 13 जनवरी 2025 को तत्कालीन पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ के मौखिक आदेश का हवाला देकर एक एल्बिनो तथा तीन काले भालू के आगे का उपचार तथा पुनर्वास करने ले जाने जामनगर राधेकृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट को पत्र लिखा। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने 22 जनवरी 2025 को भालू ले जाने की अनुमति प्रदान कर दी।

**एल्बिनो का नाम रिकार्ड में नहीं :** जिस एल्बिनो भालू को राधाकृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट को सौंपा गया है, उस भालू के सफारी के रिकार्ड में दर्ज नहीं होने की जानकारी मिली है। साथ ही सफेद भालू को सफारी में अलग से रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। सफारी में वन्यजीव देखने आने वाले लोगों के लिए सफेद भालू को कभी पेश नहीं किया गया।

### शासन ने दिए जांच के आदेश

वन्यजीवों की अदला-बदली में गड़बड़ी मिलने की जानकारी मिलने पर राज्य के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 जुलाई 2025 को जांच के निर्देश जारी किए हैं। जांच के आदेश के चार महीने बाद क्या कार्रवाई की गई है, इसकी रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

### वन्यजीव प्रेमियों ने वापस लाने की मांग की

कथित तौर पर बीमार सफेद भालू को उपचार के लिए जामनगर ले जाए जाने के बाद वन्यजीव प्रेमी सफेद भालू को वापस लाने की मांग कर रहे हैं। वन्यजीव प्रेमियों ने मांग की है कि भालू अगर स्वस्थ्य हो गया होगा, तो वन विभाग के अफसर सीजेडए से अनुमति लेकर एल्बिनो सहित अन्य तीन भालुओं को वापस जंगल सफारी जू लेकर आएं।

# ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली जूता, अपराध दर्ज

**रायपुर।** गोलबाजार थाने की पुलिस ने ब्रांडेड कंपनी रिलेक्सो के नाम पर नकली जूते बेचने के आरोप में दो थोक कारोबारियों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों कारोबारियों के गोदाम से पुलिस ने सवा सौ जोड़ा जूता जब्त किया है। कंपनी को राजधानी में अपने ब्रांड के जूते की बिक्री में गिरावट होने पर शक हुआ। इसके बाद कंपनी ने अपने विजिलेंस टीम रायपुर भेजकर पतासाजी की, तो उन्हें दो थोक कारोबारियों द्वारा उनकी कंपनी के नाम से किसी दूसरी कंपनी का नकली जूता बेचे जाने की जानकारी मिली।

- गोलबाजार थाने की पुलिस ने दर्ज किया अपराध

रिलेक्सो कंपनी के सेल्स रिप्रेजेंटेटिव कुलदीप सिंह की शिकायत पर अरविंद जगने तथा हीरालाल हटिले के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दोनों कारोबारी रिलेक्सो के नाम से स्थानीय स्तर पर बने नकली उत्पाद रिटेलर को बेचने का काम कर रहे थे। कारोबारियों की दुकान बांसटाल तथा जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास दुकान में दबिश दी। एक कारोबारी का मिलेनियम प्लाजा में हिंद लेदर स्टोर तथा दूसरे का हीरा शू होलसेल के नाम से शॉप है।

# सूने मकान में लाखों की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर नकदी सहित ढाई लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। चोरों की पतासाजी करने पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा रही है। न्यू चंगोराभाठा निवासी कारोबारी गजेंद्र सिंह ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गजेंद्र ने पुलिस को बताया है कि 18 नवंबर को वह अपने पूरे परिवार के साथ विवाह समारोह में शामिल होने मध्यप्रदेश, रीवा गया था। सोमवार दोपहर साढ़े तीन बजे कारोबारी लौटा, तो उसने देखा घर के मेन गेट के साथ चैनल गेट सभी का ताला टूटा हुआ था।

- परिवार विवाह समारोह में शामिल होने गया था

## कलेक्टोरेट के पास पास प्रदर्शन, सरकारी फरमान वापस लेने की मांग

# जनसंवाद में हुआ जमीन की गाइडलाइन दर बढ़ोतरी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा हाल ही में जारी जमीन की नई गाइड लाइन दरों का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को राजधानी के प्रापर्टी डीलर्स और कांग्रेसी नेताओं ने कलेक्टरोट के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के सामने प्रदर्शन किया। इन्होंने रैली निकालकर कलेक्टोरेट में सरकार विरोध नारेबाजी की, साथ ही सरकारी फरमान को वापस लेने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा ने किया।

- पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा सहित कांग्रेसी जन शामिल

जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से जमीन की गाइड लाइन में अनाप-शनाप वृद्धि को अव्यवहारिक और तुगलकी फरमान बताते हुए प्रमोद दुबे ने कहा, 2019 से 2024 में भूपेश बघेल की सरकार ने गाइड लाइन में 30 फीसदी की छूट और पंजीयन शुल्क में 2 से 4 फीसदी की वृद्धि की थी। यह नीति कम मार्जिन उच्च वाल्यूम सिद्धांत पर आधारित थी, इससे निवेशकों को प्रोत्साहन मिला। इससे रजिस्ट्री की संख्या और आवृत्ति बढ़ी। यही नहीं, रजिस्ट्री सस्ती हुई। इसके चलते ओड़िसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और आंध्रप्रदेश के निवेशकों ने छत्तीसगढ़ के रियल इस्टेट तेजी से निवेश किया। वहीं भाजपा सरकार ने वर्तमान नीति में जमीन गाइडलाइन में 30 फीसदी की छूट समाप्त कर दी। प्रमोद दुबे ने कहा कि गाइड लाइन दरों में 50 से 500 फीसदी बढ़ोतरी की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, विनोद ठाकुर मुन्ना मित्रा, पूर्व एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग, ओम श्रीवास, श्रीनिवास राव, अविनय दुबे, प्रीति सोनी, राकेश धोतरे, आशुतोष शर्मा, बंशी कन्नौजे, दलजीत सिंह, जय सोनकर, अमित शर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी बना एफडीए का असिस्टेंट कमिश्नर, अफसरों से हाईकोर्ट ने मांगा शपथपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन में तृतीय वर्ग के कर्मचारी को असिस्टेंट कमिश्नर बनाने का मामला विवादों में पड़ गया है। विभाग के सीनियर अफसरों की नाराजगी और लगाई गई याचिका के आधार पर विभाग के आला अधिकारियों से जवाब मांगा गया है। विरोध करने वाले अधिकारियों का तर्क है सामान्य प्रशासन के नियम के अनुसार वरिष्ठों के रहते कनिष्ठों को किसी प्रकार का चालू प्रभार भी नहीं दिया जा सकता। सीनियर-जूनियर के विवाद के बीच व्यापारियों से जांच के नाम पर गड़बड़ी की शिकायत भी मिलने लगी थी।

- सीनियर अधिकारियों में नाराजगी के बाद मामला न्यायालय तक पहुंचा

जानकारी के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन में सितंबर के महीने में तृतीय वर्ग के कर्मचारी को सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद विभाग में असंतोष फैलने लगा और सीनियर अफसरों के बीच कनिष्ठ को सुपरविजन दिए जाने से नाराजगी फैलने लगी। विभागीय अधिकारियों ने इसे सामान्य प्रशासन विभाग के नियम का उल्लघंन भी बताया। आला अधिकारियों द्वारा उनकी आपत्ति को अनदेखा करने के बाद मामला न्यायालय तक पहुंच गया। हाईकोर्ट में पिछली सुनवाई के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक से इस मामले में शपथ पत्र भी मांगा गया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक इस नियुक्ति के बाद जांच और छापा के नाम पर उड़नदस्ता द्वारा व्यापारियों का भयादोहन भी किए जाने की शिकायत भी विभाग तक पहुंचने लगी है।



### व्यापारियों ने भेजी शिकायतों की चिट्ठी

बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग के कुछ व्यापारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अन्य लोगों ने कार्रवाई का डर दिखाकर वसूली की शिकायत की है। शांति प्रसाद हिंदुजा, रवि पिल्लई, राज श्राफ सहित कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेजी है। शिकायत में जिक्र किया गया है कि मुख्यालय के नाम पर बिलासपुर से दाल के सैंपल लिए गए, मगर इसकी जानकारी और रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को डिमांड पूरी नहीं किए जाने पर सैंपल फेल करवाकर कार्रवाई किए जाने के लिए भी धमकाया जा रहा है।

## शहर के 50 मीटर के दायरे में किए जा रहे निर्माण कार्यों पर जताया ऐतराज

# शहर के तालाबों को बचाने वेटलैंड अथारिटी ने 1 दिसंबर को बुलाई बैठक, नगर निगम के अधिकारियों को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष खबर



वेटलैंड प्राधिकरण के 30 सितंबर 2025 के आदेश के बाद भी राजधानी के करबला तालाब में प्रतिबंधित क्षेत्र 50 मीटर के भीतर जारी निर्माण कार्यो पर प्राधिकरण ने ऐतराज किया है। इस मामले में नगर निगम के अफसरों को 1 दिसंबर को जवाब के लिए तलब किया है। करबला तालाब के प्रतिबंधित क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यो को लेकर जिला वेटलैंड संरक्षण समिति के डॉ. राकेश गुप्ता और स्थानीय नागरिकों शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर प्राधिकरण ने संज्ञान लिया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम द्वारा सौंदर्यीकरण के नाम पर शहर के तालाबों में 50 मीटर के दायरे से बाहर निर्माण कार्य पर राज्य वेटलैंड अथारिटी ने नगर निगम से रिपोर्ट मांगी है। राजधानी के करबला तालाब, तेलीबांधा, महाराजबंद, बूढ़ातालाब सहित अन्य जलाशयों में नियमों के खिलाफ निर्माण पर अथारिटी ने कड़ाई दिखाई है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को साफ कहा गया है कि अपनी टीम के साथ 1 दिसंबर की बैठक में उपस्थित रहें। साथ ही यह बताना होगा कि शहर के तालाबों के निर्माण कार्य, सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब दायरा छोटा करना, सुप्रीम कोर्ट के नियम के खिलाफ काम करना कहां तक सही है? विदित हो कि शिकायतों के आधार पर इसके पहले जिला कलेक्टर को पत्र जारी करते हुए अथारिटी ने फटकार लगाई थी।

### ये है नियम

वेटलैंड अथारिटी के नियमों के मुताबिक किसी भी तालाब या वेटलैंड में बाढ़ क्षेत्र से 50 मीटर के दायरे तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। वहीं रिटेनिंग वॉल बनाया जाना प्रस्तावित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के हिसाब से तालाब, पोखर, नदी, नाले, सहित जलाशयों में पारिस्थितिक तंत्र के लिए सुरक्षा करना आवश्यक होता है।

### शहर के तालाबों में अतिक्रमण की स्थिति :

- बूढ़ातालाब के 20 से 24 फीसदी हिस्से पर पाथवे में जन विरोध के बाद भी वेंडिंग जोन
- महाराजबंद तालाब में 20 से 25 फीसदी हिस्सो पर निर्माण कार्य
- तेलीबांधा तालाब में पाथवे के नाम पर 25 फीसदी हिस्से पर अतिक्रमण
- इसके अलावा नरैया तालाब, डबरी, तालाब, खोखो तालाब में कमोबेश यही स्थिति





ब्रेल लिपि की मदद से पढ़ने का प्रयास

**लाइव इवेंट**

## रेड ओसियन छोड़, ब्लू और ओसियन चुनें: शार्क टैंक स्टार



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एक दिवसीय 'मेरी कहानी, सफल नवप्रवर्तक और उद्यमियों द्वारा प्रेरक विशेषज्ञ सत्र' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी अध्ययनशाला, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला और अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में ज़ॉफ फूड्स के सह-संस्थापक आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे।

### रविवि में उद्यमी सत्र का आयोजन

ज़ॉफ फूड्स के सह-संस्थापक आकाश अग्रवाल शार्क सीजन-2 में अपने इनोवेटिव आइडिया के साथ शामिल हुए थे। उन्होंने छात्रों को सफल उद्यमी बनने के दौरान चुनौतियां और बेहतर स्टार्टअप आइडियाज के साथ आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने अपनी उद्यमी यात्रा के उतार-चढ़ाव साझा किए और सफलता के लिए एक अच्छा साथी होने के महत्व पर जोर दिया। सत्र में रेड ओसियन और ब्लू ओसियन स्ट्रेटेजी पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा रेड ओसियन वह बाज़ार है जहां प्रतिस्पर्धा अत्यधिक होती है और मुनाफा कम होता जाता है, जबकि ब्लू ओसियन वह बाजार है जिसे आप नया और अलग बनाकर कम प्रतिस्पर्धा में अधिक अवसर पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक सफल उद्यमी वही है जो भीड़ वाले रेड ओसियन से निकलकर नया सोचते हुए अपना ब्लू ओसियन तैयार करता है। इस कार्यशाला में फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एस.जे. डहरवाल, प्रो. दीपेंद्र सिंह, प्रो. अंबर व्यास, प्रो. मंजू सिंह, आईआईसी की अध्यक्ष प्रो. कविता ठाकुर की विशेष उपस्थिति दर्ज की गई।

> 'तस्वीर में दिखाई दे रहे दृष्टिबाधित और मूकबधिर छात्र आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए हैं। वे स्वयं को लगातार बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। जहां सामान्य छात्र पूरी तरह सक्षम होने के बावजूद पढ़ाई से बचने के बहाने ढूंढते रहते हैं, वहीं ये छात्र उन्हीं विषयों की तैयारी उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कर रहे हैं। स्कूल के बाद ये छात्र अपने साथियों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। वे हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, संस्कृत, चित्रकला और संगीत जैसे विषयों की तैयारी करते हैं।'

# चुनौतियों के बावजूद हौसला बुलंद : ब्रेल, ऑडियो लेसन और चैट जीपीटी के सहारे, 80% से अधिक अंक का लक्ष्य

## मेहनत, तकनीक और कल्पनाओं से सजी कक्षाएं, मठपुरैना स्कूल के बच्चों की प्रेरक तैयारी

**रायपुर।** मठपुरैना स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण-बाधित विद्यालय में कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी तेज हो गई है। छात्र प्रैक्टिकल व वार्षिक परीक्षाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बीते वर्ष विद्यालय के लगभग 52 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। यह होनहार विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण सामग्री, मोबाइल एप्लिकेशन, ऑडियो मटेरियल और ब्रेल लिपि की पुस्तकों की मदद से अध्ययन कर रहे हैं, जो सामान्य पढ़ाई की तुलना में कठिन है। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए छात्र अभी से गंभीरता से अध्ययन में लग गए हैं। अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर वे 70-80 प्रतिशत अंक आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।



ब्रेल लिपि किताब





### बोर्ड परीक्षा के लिए इमेजिनरी चित्र का अभ्यास

श्रवण-बाधित छात्र मौर्य सेन ने बताया कि उन्होंने दसवीं कक्षा में 79 प्रतिशत अंक हासिल किया था। शॉर्ट नोट्स बनाकर बोर्ड परीक्षा की तैयार कर रहे, ऐसे में चित्रकला विषय की तैयारी के लिए इमेजिनरी चित्र का अभ्यास करते आ रहे हैं, जो परीक्षा में 100 अंक का विषय है।

### ऑडियो मटेरियल और चैट जीपीटी से बोर्ड परीक्षा की तैयारी

दृष्टिबाधित छात्र प्रितम दास ने बताया कि उन्होंने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 74 प्रतिशत प्राप्त किया था। इस वर्ष भी 80–85 प्रतिशत अंक हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि वे ऑडियो मटेरियल की मदद से विषयों को याद करने का प्रयास करते हैं, वहीं अंग्रेजी विषय में प्रश्न-उत्तर के लिए चैट जीपीटी की मदद लेते हैं। इससे वे स्पेलिंग सुनकर याद करते हैं। मोबाइल फोन में नोट्स टिप्स ऐप की सहायता से महत्वपूर्ण टॉपिक सुरक्षित कर लिए हैं, जो परीक्षा के समय त्वरित पुनरावृत्ति (रिविजन) में काफी मदद करेंगे।



बोर्ड परीक्षा के लिए इमेजिनरी इमेज का अभ्यास

### बोर्ड छात्रों को ऑडियो मटेरियल की सुविधा

स्कूल के प्राचार्य ए. के. त्रिवेदी ने बताया कि दृष्टिबाधित छात्रों की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष ऑडियो मटेरियल अन्य राज्यों से तैयार कराया जाता है। मुंबई स्थित अनिरुद्ध बैंक फॉर द ब्लाइंड संस्थान से पुस्तकों और गाइड का ऑडियो रिकॉर्ड कराया जाता है। यह प्रक्रिया लगभग 15–20 वर्षों से लगातार जारी है। तैयार किया गया यह ऑडियो मटेरियल छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भेजा जाता है, जिससे बड़ी संख्या में दृष्टिबाधित छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रणाली के साथ जोड़ा जा रहा है।



### संगीत व चित्रकला में विशेष प्रशिक्षण

शिक्षक महेन्द्र साहू ने बताया कि संगीत विषय की बेहतर तैयारी के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों को समय-समय पर विद्यालय में आमंत्रित किया जाता है। ये प्रशिक्षक विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। बोर्ड परीक्षा में चित्रकला एक मुख्य विषय है। इसमें श्रवण-बाधित छात्रों को किसी ऑब्जेक्ट या इमेजिनरी इमेज तैयार करना होता है। इस अभ्यास के लिए विद्यालय में मेले का दृश्य, मछली पकड़ता मछुआरा, मां और बच्चों के प्रति प्रेम जैसे विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से तैयारी कराई जा रही है।

**सिटी इवेंट**

## प्लेसमेंट मेंटर ने बताया स्टार्टअप शुरू करने के आइडियाज और कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका





**रायपुर।** एनआईटी में बुधवार को ई-सेल द्वारा बिजफेस्ट 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैटलिस्ट ड्रीम्स के संस्थापक, निदेशक और ड्रीम प्लेसमेंट मेंटर नमन आलोक विद्याभानु शामिल हुए। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन कई चरणों से होकर गुजरता है। हर छात्र का सपना होता है कि उसे अच्छी ड्रीम प्लेसमेंट मिले। हर महीने लगभग 60 मिलियन से भी ज्यादा छात्र अपनी पढ़ाई और कॅरियर की तैयारी करते हैं। अब छात्रों में स्टार्टअप बनाने की सोच भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। लेकिन, स्टार्टअप शुरू करने के लिए किन साधनों और संसाधनों की आवश्यकता होती है, यह समझना जरूरी है। स्टार्टअप शुरू करने के लिए शुरुआती पूंजी, समय, जोखिम उठाने की क्षमता और मार्केट जैसे साधनों का होना आवश्यक है। अक्सर लोग सोचते हैं कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए बहुत पैसा, समय और तकनीकी ज्ञान चाहिए, लेकिन कई स्टार्टअप कम समय, कम लागत या जीरो इन्वेस्टमेंट से भी शुरू हो सकते हैं। नमन ने अपने पहले स्टार्टअप 'बुक बैंक' के बारे में बताया। इसमें छात्रों को कुछ राशि पर किताबें उपयोग के लिए मिलती है। यह मॉडल बुक डीलर्स और बुक सेलर्स दोनों के लिए फायदेमंद है। यह एक सरल और कम लागत वाला स्टार्टअप आइडिया है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप में मार्केट का महत्व सबसे अधिक होता है। स्टार्टअप का मतलब सिर्फ तकनीक या बड़ी मशीनें नहीं होती। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि मार्केट को क्या चाहिए। यदि पहले ही पता कर लिया जाए कि बाज़ार में किस चीज़ की मांग है तो आगे चलकर उत्पाद बनाना आसान होता है। इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स को उत्पाद और बाज़ार की पूरी जानकारी होती है। अंत में उन्होंने बताया कि स्टार्टअप के लिए लोगों को नई और अलग तरह की सोच रखनी चाहिए।



### एंटरप्रेन्योरशिप के बारे में जाना

इस कार्यक्रम के बाद दो प्रतियोगिता स्टार्टअप प्रीमियर लीग और डीबेटेबल भी आयोजित हुई। डीबेटेबल प्रतियोगिता वाद-विवाद प्रतियोगिता थी, जिसके विषय एंटरप्रेन्योरशिप से सम्बंधित रहे। दूसरी प्रतियोगिता स्टार्टअप प्रीमियर लीग थी, जिसमें सभी ने अलग-अलग स्टार्टअप टीमों में हिस्सा लिया। टीमों ने बताया कि वे किस तरह का स्टार्टअप बनाना चाहेंगे।

## राइडर्स क्लब के युवा देशभर में दे रहे प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा

**रायपुर।** 36 राइडर्स क्लब की स्थापना युवाओं ने मिलकर 2020 में की थी। मात्र कुछ वर्षों में यह 36 राइडर्स क्लब छत्तीसगढ़ का सबसे सक्रिय क्लब बन चुका है। इस बार की गई वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब ने भविष्य की दिशा, उद्देश्यों और गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। सभी सदस्यों ने नए निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभाकामना दी। डॉ. वरुण ताम्रकार, मनीष ठाकुर, दीपक सिंह और दिनेश जायसवाल ने बताया कि राइडर्स देशभर में घूमते हुए छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों और यहां की सांस्कृतिक धरोहर के बारे में भी अलग-अलग राज्यों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जानकारी भी देते हैं। क्लब द्वारा प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति और पर्यटन स्थलों को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने का काम भी किया जाता है।



### यातायात नियमों का पालन कितना जरूरी

इस तरह की पहल प्रदेश के पर्यटन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए किया जाता है। राइडिंग के दौरान युवा संस्कृति, खानपान और परंपराओं को समझाते हैं। साथ ही सामाजिक जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाते हैं। समय-समय पर क्लब द्वारा हेलमेट को लेकर लोगों को अवेयर करने कैंपेन, यातायात नियमों का पालन करना कितना जरूरी है, इसे बताने के लिए कार्यशाला, जागरूकता राइड आयोजित किए जाते हैं। इसमें पुलिस प्रशासन का भी हमेशा सहयोग मिलता है। बैठक में नवगठित कार्यकारिणी ने नए उद्देश्यों के साथ अधिक स्थानों की खोज, छत्तीसगढ़ पर्यटन को और व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभी सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी का गठन क्लब के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में सचिव- दिनेश जायसवाल, सहसचिव पंकज किंगरानी, श्री अनुग्रह, कोषाध्यक्ष- मेहुल चौबे, मीडिया प्रभार- अमित बाघ, दानिश प्रवक्ता- डॉ. भार्गव आयंगर और मेहुल चौबे हैं।

## कलाकारों ने सजाई आकर्षक रंगोली

**रायपुर।** नासिक के संस्कार भारती संस्थान द्वारा 'अखिल भारतीय रंगोली प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया है, जहां छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भी अपनी रंगों और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस वर्ष 'भारतीय संविधान के रंग' थीम पर स्पर्धा का आयोजन किया गया है, जिसमें संविधान में बने महत्वपूर्ण चित्रों को रंगोली के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर की मोना केंवट, भाटापारा के विशाल धीवर, कुरूद के अवध कंवर, धमतरी के महेंद्र मरकाम, रायपुर के दीपक शर्मा और सिद्धार्थ सोनी सहित रंगोली कलाकार भोजराज धनगर के नेतृत्व में टीम ने हिस्सा लिया। इन कलाकारों ने अपने सृजनात्मक कौशल से रंगों की अद्भुत छटा बिखेरी और दर्शकों का मन मोह लिया।



### देशभर के 22 कलाकारों की उपस्थिति

इस प्रदर्शनी में कुल 22 चित्रों का प्रदर्शन किया गया है, जिन्हें पूरे देश के अलग-अलग राज्यों से आए 22 कलाकारों ने प्रस्तुत किया। प्रत्येक चित्र में भारतीय संविधान के महत्व और मूल तत्वों को सुंदरता और नवाचार के साथ पेश किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के दौरान कलाकारों के प्रयासों की सराहना की गई और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस प्रदर्शनी ने भारतीय संस्कृति और संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ रंगोली कला के महत्व को भी उजागर किया।

**कार्नर न्यूज**

### शहर की शादियों में फिल्मी स्टाइल में मंडप व रिसेप्शन स्टेज भव्य व आकर्षक रूप में तैयार हो रहे

## थीम बेस्ड मंडप दूल्हा-दुल्हन की च्वॉइस, ग्रैंड रॉयल लुक पाने लाखों में वेडिंग प्लानर से डेकोरेट करा रहें स्टेज

**रायपुर।** शादियों में थीम बेस्ड मंडप व ग्रैंड रॉयल रिसेप्शन स्टेज डेकोरेशन काफी ट्रेंड कर रहा है। दूल्हा-दुल्हन अपनी शादी को यादगार बनाने लाखों रुपए खर्च कर फिल्मी स्टाइल में मंडप व रिसेप्शन स्टेज भव्य व आकर्षक रूप में तैयार करवा रहे हैं। शहर के वेडिंग इवेंट प्लानर दिव्या श्रीवास्तव बताती हैं कि शाही शादियों में थीम बेस्ड मंडप व ग्रैंड रॉयल रिसेप्शन स्टेज डेकोरेशन का चलन काफी बढ़ गया है। दूल्हा-दुल्हन की पहली च्वॉइस राजमहल, टेपल, पर्पल पैराडाइज, अरबियन नाइट, मैजिकल्स नाइट, साउथ इंडियन ट्रेडिशनल रॉयल लुक वाले मंडप व स्टेज हैं। इसके लिए शादी फैमिली वाले वेडिंग फंक्शन को ग्रैंड बनाने वेडिंग इवेंट प्लानर हायर कर रहे हैं। वेंडिंग इवेंट प्लानर ने बताया कि थीम के अनुरूप मंडप व स्टेज सजाने में काफी डेकोरेशन सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है, जो काफी महंगे होते हैं। इनमें पर्दे, कालीन, खंभे, झूमर, फ्लावर्स, गुम्बद, क्लासिक लाल और सुनहरा, रीगल आइवरी और गोल्ड तथा राजवाड़ा आयटम्स, कलर कॉम्बिनेशन शामिल हैं। इस रॉयल लुक मंडप व रिस्पेशन स्टेज डेकोरेशन में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। दूल्हा-दुल्हन रॉयल मंडप व स्टेज के इतने दीवाने हैं कि उसके लिए अनलिमिटेड बजट रख रहे हैं। प्रदेश के बड़े सिटी जैसे रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर में हाईप्रोफाइल शादियों में यह काफी ट्रेंड हो रहा है। दूल्हा-दुल्हन की फैमिली भी सपोर्ट कर रही हैं। वेडिंग इवेंट प्लानर ने बताया कि नवंबर से दिसंबर महीने में अभी तक दर्जन भर से अधिक शाही शादियों में थीम बेस्ड मंडप व ग्रैंड रॉयल रिसेप्शन स्टेज डेकोरेशन का ऑर्डर आया है। शहरों में होने वाली शादियों में ज्यादातर लोग वेंडिंग डेकोरेशन के लिए वेडिंग इवेंट प्लानर का ही सहयोग ले रहे हैं।



### फूलों से सजा मंडप सेटअप

वेडिंग प्लानर रितेश गुप्ता बताते हैं कि पार्टी में डेकोरेशन को लेकर लोग काफी च्वॉइज रखने लगे हैं। उन्हें कभी मोहब्बतें फिल्म की तरह फूलों से सजा सेटअप चाहिए होता है तो कभी उन्हें चांद, तारों से सजा आसमान वाला सेटअप पसंद आता है। वहीं स्टेज, एंट्री, सेल्फी पॉइंट, मंडप, मेहंदी, संगीत हर किसी के लिए अलग-अलग डेकोरेशन कर रहे हैं। इससे बजट ज्यादा बढ़ गया है। इस कारण लोग लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं।



### 10 से 11 फीट ऊंची स्टेज बनवा रहे

शहर में पहले ज्यादातर शादियों के स्टेज फूल-मालाओं और टेंट से सजे होते थे, लेकिन अब फिल्मी स्टाइल में दूल्हा-दुल्हन के स्टेज को 10 से 11 फीट से अधिक ऊंचाई पर बनाया जा रहा है। इसमें अब दूल्हा-दुल्हन की एंट्री शानदार हो रही है, लोगों की नजरें उन पर टिकी रह जाती हैं। आसमान में वरमाला कॉन्सेप्ट भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। वहीं, ज्यादातर शहर में शादियों के स्टेज का कलर नीले, आसमानी या वाइट में रखना पसंद कर रहे हैं।

## इवेंट लाइव

# कलाकारों की टीम अहमदाबाद में बिखेरेगी संस्कृति की छटा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के युवा लोक कलाकारों की टीम 'लोकरागी फोक बैंड' का चयन यूएनएम फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अभिव्यक्ति सिटी आर्ट प्रोजेक्ट एडिशन- 7 में प्रस्तुति के लिए किया गया है। यह आयोजन 14 से 30 नवंबर तक अहमदाबाद के विभिन्न सांस्कृतिक स्थलों पर किया जा रहा है। इसमें देशभर के म्यूजिक, डांस, विजुअल आर्ट्स, थिएटर और लिटरेचर के कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। कठिन एवं लंबी चयन प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ से प्रांजल सिंह राजपूत और उनकी टीम लोकरागी फोक बैंड को इस बार कला उत्सव के लिए चुना गया है। टीम इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोक विधा, लोकगाथा भरथरी के साथ पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति देते हुए राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करेगा।

### युवा कलाकारों के लिए खास उपलब्धि

कलाकार दल में प्रमुख गायक एवं निर्देशक प्रांजल सिंह राजपूत के साथ टीम के सदस्य योगेश यादव (वोकल/रागी), मयंक साहू (तबला), कौशिक साहू (हारमोनियम), घनाराम सिन्हा, ओमप्रकाश वर्मा, दीनू साहू, दुष्यंत निषाद, मनीष कोटवानी, केतन साहू प्रस्तुति देने रवाना हो चुके हैं। यह चयन छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। युवा कलाकारों के लिए खास उपलब्धि भी है, जहां वे मंच पर लोकसंगीत के साथ ही यहां की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करेंगे।

## सिटी लाइव

# सीजीपीएससी के टॉपर्स ने साझा किए सूत्र, खुद नोट्स बनाएं तो होंगे सफल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने अपने संघर्ष, अनुभव और सफलता के सूत्र साझा करते हुए बताया कि मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए नोट्स खुद बनाएं। इससे सफल होने की संभावना ज्यादा होती है। वहीं, युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव के मार्गदर्शन में आयोजित प्रेरणादायक स्पेशल क्लास में युवा अभ्यर्थी शामिल हुए, जो सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। सेमिनार का उद्देश्य अभ्यर्थियों को प्रेरित करना और व्यावहारिक सुझाव देना था, ताकि अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य कर निरीक्षक भवाना गोस्वामी और आबकारी उप निरीक्षक अजय राज कश्यप थे। भवाना ने इस वर्ष की सीजीपीएससी परीक्षा में 63वां स्थान प्राप्त किया, जबकि अजय राज कश्यप का स्थान 74वां रहा। दोनों वक्ताओं ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जीवन में कठिन दौर से उबरने और सफलता की राह पर अग्रसर होने के लिए स्वयं पर भरोसा करें।

### सफलता की कुंजी है एकीकृत तैयारी

भवाना गोस्वामी ने बताया कि सीजीपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता पाने के लिए शुरुआत से मेन्स परीक्षा की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए। मेन्स की तैयारी पहले से शुरू कर दें, इससे प्रीलिम्स में अप्रत्यक्ष रूप से सहायता मिलती है। हमें सीजीपीएससी की तैयारी को एकीकृत तरीके से करनी चाहिए, ताकि प्रीलिम्स और मेन्स दोनों में लाभ मिल सके। आत्मविश्वास की कमी को शत्रु बताते हुए कहा, स्वयं पर कभी संदेह न करें। लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी तैयारी के दौरान खुद के साथ विश्वासघात न करें। अजय राज ने बताया कि वह लंबे समय से तैयारी कर रहे थे, लेकिन पूर्व प्रयासों में अंतिम चयन नहीं हो पा रहा था। असफलता को संभालना ही वास्तविक सफलता का सूचक है।

## आराधना

# श्रीमद् भागवत कथा में शिव-सती, राजा दक्ष की प्रसंग का भक्तों ने किया श्रवण



**रायपुर।** गोदड़ी वाला धाम देवपुरी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा के तीसरे दिन बलराम भैयाजी ने अपनी अमृतवाणी में भक्तजनों को भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि अगर भक्ति सच्ची हो तो जीवन में कई बार भगवान को पा सकते हैं। कथा में महाभारत का प्रसंग उन्होंने सुनाया। वहीं, भगवान भोलेनाथ-माता सती प्रसंग में बताया कि किस तरह भगवान भोलेनाथ का अपमान किया गया और माता सती ने यज्ञ में अपने आप को डालकर सती हो गई। क्योंकि, उनके पति देवो के महादेव का अपमान किया गया था, वह भी उनके पिताजी की तरफ से। यह उन्हें सहन नहीं हुआ। इसलिए, उन्होंने यज्ञ में अपने आप को आहुति दे दी, जो उनके पिताजी करवा रहे थे। सभी देवी- देवताओं को निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन स्वयं के दामाद भगवान भोलेनाथ को निमंत्रण नहीं भेजा गया था।

### भजनों की प्रस्तुति से जागी भक्तिभाव

भागवत कथा में सुदामा भैया और गोविंद ने कई भक्ति भरे भजनों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर सभी भक्तजन झूम उठे। इस अवसर पर गोदड़ी वाला धाम देवपुरी की प्रमुख महंत अम्मा मीरा देवी जी एवं संत जलकुमार मंसद जी, भाई अमरलाल, दीपक उदासी, भाई जमनादास, भाई धनराज, सिंधी समाज के वरिष्ठ नेता आनंद कुकरेजा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, मुखी बसंत कुकरेजा, मोनु आहुजा, जयराम कुकरेजा, केशवदास जादवानी, लक्ष्मण मलघानी, वासुदेव पहलाजानी, अमर परचानी, विकास रुपरेला, राजेश गुरनानी आदि कई समाज के प्रमुखजन कथा श्रवण करने उपस्थित रहे।

● टाउन हॉल में 75वें संविधान दिवस के अवसर पर 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# लघु फिल्म से दिया मैसेज, संविधान ही देश के विकास की नींव पोस्टर प्रदर्शनी में दिखी महापुरुषों की योगदान की गौरवशाली झलक

*बुधवार को राजधानी के टाउन हॉल में 75वें संविधान दिवस के अवसर पर 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 5 मिनट की लघु फिल्म के माध्यम से संविधान की स्पिरिट को दिखाया गया। फिल्म में संदेश दिया गया है कि संविधान से ही देश की विकास की नींव बनी। वहीं, पोस्टर प्रदर्शनी से संविधान सभा व संविधान निर्माताओं की ऐतिहासिक व गौरवशाली पलों को झलकियों के रूप में संजोकर डिस्प्ले किया गया।*

**रायपुर।** प्रदर्शनी में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित देशभर के विभूतियों के योगदान को रेखांकित किया गया है। संविधान सभा में छत्तीसगढ़ के योगदान को रेखांकित करते हुए हमारे गौरव पंडित रविशंकर शुक्ल, बैरिस्टर छेदीलाल और डॉ. घनश्याम गुप्ता (समिति में सहभागिता) को भी दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थिति रहे। उन्होंने नागरिकों के साथ संविधान पर आधारित लघु फिल्म देखी और पोस्टर प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम उन सभी महापुरुषों को नमन करते हैं, जिनके योगदान से संविधान की प्राप्ति हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनसमूह के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सेल्फी ली। साथ ही संविधान की स्पिरिट दर्शाती 5 मिनट की लघु फ़िल्मि की सराहना की। वहीं, कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने फिल्म व प्रदर्शनी के माध्यम से संविधान के महत्व को बखूबी जाना।





### बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

*भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के संविधान दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। साथ ही उन्होंने अंबेडकर चौक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। डॉ. अंबेडकर के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि वे केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि समानता, न्याय और सामाजिक समरसता के अटूट स्तंभ भी हैं।*




### संविधान किताब नही, ग्रंथ

मुख्यमंत्री श्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयघोष के साथ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश का संविधान किताब नहीं, ग्रंथ है, जो सभी भारतवासियों को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार देता है और अपनी बातों को मर्यादा के साथ समाज के बीच रखने की स्वतंत्रता भी देता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यह हमारे संविधान की महत्ता है कि एक सामान्य व्यक्ति भी देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। संविधान में आज सभी वर्गों के विकास की व्यवस्था समाहित है और सबका समुचित विकास हो रहा है।

**ये रहे उपस्थित :** 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, सुनील सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सचिव जनसम्पर्क एवं संस्कृति डॉ. रोहित यादव, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अधिकार और कर्तव्य के बीच संतुलन होना जरूरी : व्याख्याता



डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी साउथ बिहार से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र कुमार विशेष व्याख्याता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अधिकार और कर्तव्य एक सिक्के के दो पहलू हैं और इनके बीच संतुलन होना अत्यंत आवश्यक है। अधिकार हमें कुछ करने या प्राप्त करने की स्वतंत्रता देते हैं, वहीं कर्तव्य हमें समाज और दूसरों के प्रति जिम्मेदारियां याद दिलाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल अधिकारों पर जोर देने से स्वार्थ और अराजकता पैदा होती है, जबकि केवल कर्तव्यों पर ध्यान देने से तानाशाही और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन होता है।



### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में संविधान दिवस उत्साह से मनाया

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम जनसंचार विभाग एवं विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन दोनों स्थानों पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्देशिका के सामूहिक वाचन से हुई। सभी उपस्थित लोगों ने संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली। प्रशासनिक भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कुलपति महादेव कावरे ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने गहन विचार-विमर्श के बाद देश के महान संविधान को अंगीकृत किया, जो भारतीय लोकतंत्र का मूल आधार है। इस अवसर पर विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. नीलेश साहू, विनोद सावंत, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कर्मचारी अविनाश करडेकर, जितेंद्र श्रीवास, गोविंद पटेल उपस्थित रहे। प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनील शर्मा, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी परिषद् ने मनाया संविधान दिवस



अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी परिषद्, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संस्थान के प्रो. एमएल श्राफ सभागार में प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ल कुलपति की अध्यक्षता में '75वां संविधान दिवस समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित जनसमूह द्वारा सामूहिक रूप से संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मण कुमार भारती, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ अजाक्स, पवन कुमार नेताम, सचिव छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, विनोद नागवंशी, महासचिव, सर्व आदिवासी समाज, छत्तीसगढ़, आरएन ध्रुव, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

### आयुष विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का किया वाचन



पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय में संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर संविधान की मूल प्रति की छायाप्रति प्रदर्शित कर प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके पात्रा और कुलसचिव डॉ. दिनेश सिन्हा सहित विश्वविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

# रीजनल एनेस्थीसिया और सोनोग्राफी का विशेषज्ञों ने कान्फ्रेंस में बताई नई तकनीक

**रायपुर।** इंडियन सोसायटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट द्वारा वार्षिक कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष इस्कॉन 2025 संस्था का 72वां वार्षिक कान्फ्रेंस है। 30 नवंबर तक चलने वाले इस वार्षिक कॉन्फ्रेंस की मेजबानी का अवसर रायपुर को मिला है। इसमें देश के अलग-अलग शहरों और राज्यों के अलावा विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञों ने अपने अनुभव एवं कार्य कुशलता को साझा किया। इस महाकुंभ के दूसरे दिन 17 अलग-अलग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसमें निश्चेतना विशेषज्ञों के साथ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बुधवार को एम्स, पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सहित कई प्राइवेट अस्पतालों और होटलों में भी अलग-अलग सत्र का आयोजन किया गया।



### संभावित परिवर्तन का प्रबंधन सिखाया

गर्भावस्था में ऐसी परिस्थिति जिसमें बच्चे या मां की जान को खतरा होता है, उस समय के प्रबंधन से संबंधित जानकारी देते हुए नए शोध की जानकारी एवं प्रकाशन से जुड़े पहलू पर प्रकाश डाला गया। शिशु निश्चेतना पर कृत्रिम सांस की उपयोगिता के संदर्भ में भी बताया। ऑपरेशन के दौरान और बीमारी में संभावित परिवर्तन का प्रबंधन सिखाया गया। स्नायु एवं मस्तिष्क रोगों में गहन चिकित्सा की जरूरत के बारे में बताया गया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य विशेषज्ञों द्वारा अर्जित ज्ञान और अनुभव को विद्यार्थियों और विशेषज्ञों तक पहुंचाना है, ताकि मरीजों को फायदा मिल सके।

### परिस्थितियों को संभालने की ट्रेनिंग दी

इस कान्फ्रेंस के जरिए विशेषज्ञों ने रीजनल एनेस्थीसिया, एनेस्थीसिया में सोनोग्राफी के उपयोग के बारे में बताया और प्रैक्टिस सत्र में डेलीगेट्स को साथ में प्रशिक्षण भी दिया। आपातकालीन परिस्थितियों की जानकारी मॉडल एवं पुतलों द्वारा दी गई। आपातकाल में टीम वर्क की महत्ता को बताया। साथ ही विषम परिस्थितियों को संभालने की ट्रेनिंग दी। मेकाहारा में आयोजित कार्यशाला में ऐसी परिस्थितियों की जानकारी दी गई जिनमें जान का जोखिम होता है। उनके निपटने की कला सिखाई गई। साथ ही पुराने दर्द के निवारण में उपयोग आने वाली नई पद्धतियों की जानकारी भी दी।

# विभाजन की त्रासदी से सजेगा नाट्य मंचन, लोग देखेंगे जर्नी आफ सिंधीस

**रायपुर।** देवेन्द्र नगर स्थित कार्यालय में सिंधी महापंचायत के मुख्य पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित की। इसमें विभाजन की त्रासदी से नाट्य मंचन को सजाने का निर्णय लिया गया। प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने बताया कि जर्नी आफ सिंधीस नाट्य मंचन में बताया गया है कि अखंड भारत से भारत आया सिंधी समाज आज स्वयं को ठगा सा महसूस करता है। समयकाल में कांग्रेस के नेताओं ने आश्वासन दिया था कि सिंध प्रदेश हिंदू बाहुल्य क्षेत्र भारत में शामिल किया जाएगा। वह किसी भी हाल में नए बनने जा रहे देश में शामिल नहीं होगा। जैसे कई संवादों से इसे नाट्य मंचन के दौरान जीवंत करने के लिए मुंबई के कलाकारों को अवसर दिया जाएगा, ताकि लोग विभाजन के समय की त्रासदी को जान सकें।



### अटल सभागार में सात दिसंबर को होगी प्रस्तुति

नाट्य श्रृंखला में मुंबई निवासी मोहित सेवानी और उनकी टीम इन बातों से वाकिफ़ हैं। जिसने भी यह नाट्य मंचन देखा, आंसुओं को नहीं रोक पाया। इसे देखते हुए महापंचायत ने उक्त टीम से जुड़े 25 कलाकारों को नाट्य प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया है। 1947 के हालात का चित्रण, विस्थापित व परदेसी का फर्क सर्व समाज को भी भलीभांति हो, इसके लिए नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। नाटक का मंचन जेल रोड स्थित अम्बेडकर अस्पताल के अटल सभागृह में 07 दिसंबर को शाम 5 बजे से होगा। इस नाट्य प्रस्तुति से समाज के प्रबुद्धवर्ग को जोड़ने की तैयारी शुरू की है। बैठक में अध्यक्ष अमर गिदवानी के साथ राजेश वासवानी, इंदर डोडवानी, जीतू बडवानी, महेश आहूजा, राजेश गुरनानी, सुदेश मंध्यान, अमर दास खट्टर, संजय मंधान प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## कार्नर न्यूज

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंग सभा स्टेशन रोड से प्रमुख गुरुद्वारों का दर्शन और सिमरन यात्रा से वापस आए जत्थे ने साझा की बातें..

# धुबरी साहिब असम में गुरु तेग बहादुर से जुड़ी यादें वहां विशाल चट्टान और लटकते पीपल के नीचे भव्य गुरुद्वारा

**रायपुर।** गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित पंज तखत दर्शन सिमरन यात्रा के लिए स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंग सभा की पहल पर पंज तखत दर्शन करने वाले एक हजार दर्शनार्थियों का जत्था बुधवार की रात रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। उत्साह से उनका स्वागत किया गया। सिमरन यात्रा में शामिल गुरुद्वारा स्टेशन रोड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने असम स्थित धुबरी साहिब से जुड़ी यादें साझा की। उन्होंने बताया कि असम में उन दिनों जादूगरनियों को राज था। औरंगजेब इस क्षेत्र को अपनी सीमा में शामिल करने के प्रयास में था। उसने रामसिंह को इसकी जिम्मेदारी दी। उसने घर जाने के बाद पिता को यह जानकारी दी। पिता की सलाह पर ही उसने गुरु तेग बहादुर को साथ चलने के लिए आग्रह किया। जिसे सुनने के बाद गुरु उसके साथ असम गए। जहां जादूगरनी ने उनके ऊपर चट्टा से वार किया, लेकिन उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद वह पीपल के पेड़ पर आई। सामने गुरु तेग बहादुर को देखते ही उसका जादू काम नहीं आया। वह पेड़ से गिर गई और पेड़ हवा में लटक गया।



### मुगलों और पहाड़ी राजाओं से संघर्ष की तैयारी

जत्थे की अगवाई करने वाले प्रमुख सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि हुजूर साहिब नांदेड़, आनंदपुर पंजाब के बाद श्री दमदमा साहिब बठिंडा, अकाली तखत अमृतसर और रकाबगंज साहिब के बाद दिल्ली बंगला साहिब सहित तखत श्री पटना साहिब बिहार का दर्शन प्राप्त किया। आनंदपुर साहिब में गुरु गोबिंद सिंह की कई यादें जुड़ी हैं। जिनमें सबसे प्रमुख है खालसा पंथ की स्थापना और आनंदगढ़ किले में बिताए गए उनके 25 साल। उन्होंने यहीं पर सिखों को एकजुट किया और मुगलों तथा पहाड़ी राजाओं से संघर्ष के लिए तैयार किया था।

### गर्मजोशी के साथ फूल-मालाओं से स्वागत



उन्होंने बताया कि जब गुरु ने उससे पूछा कि यह क्यों करती हो, तब उसने बताया कि इसे हम अपने नाम के लिए करते हैं। गुरु ने उसे नेकी के रास्ते पर चलने की सलाह दी। साथ ही धुबरी नाम की उस जादूगरनी के नाम से ही गांव का नाम रख दिया। वहां गुरुजी ने लंबा अरसा बिताया और गुरुद्वारे का निर्माण उसी पीपल पेड़ के नीचे करवाया। जत्थे के प्रमुख श्री छाबड़ा के साथ आए यात्रियों का स्वागत करने के लिए रेलवे स्टेशन पर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा के सचिव तेजिन्दर सिंह होरा, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, दलजीत सिंह और मंजीत सिंह सलूजा प्रमुख रूप से पहुंचे। उन्होंने जत्थे का गर्मजोशी के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेनियल रेडक्लिफ ने नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर, चाहते हैं पूरी स्टारकास्ट को झप्पी देना



हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं। जब डेनियल अपनी शुरुआती फिल्मों में हैरी के रूप में नजर आए थे, तब वे भी उम्र में बहुत छोटे थे। आज लगभग दो दशक बाद, उन्हें नए बच्चों को वही किरदार निभाते देख अनोसा अपनापन महसूस हो रहा है। एक इंटरव्यू में डेनियल ने कहा कि वह नहीं चाहते कि नए कलाकार उन पर किसी तरह का दबाव महसूस करें, लेकिन इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने डोमिनिक को पत्र लिखकर सिर्फ यह कहा- उम्मीद है कि वो इस सफर का आनंद पहले से भी ज्यादा लेंगे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जैसे ही वह नए कलाकारों की तस्वीरें देखते हैं, उन्हें बस उन्हें गले लगाने का मन करता है क्योंकि वो बहुत मासूम लगते हैं और उन्हें अपनी ही बचपन की याद आ जाती है। इस नई सीरीज में जहां डोमिनिक मैकलॉफलिन 'हैरी' बनकर सामने आएंगे, वहीं अरैबेला स्टैंटन 'हर्माइनी' और अलिस्टेयर स्टाउट 'रॉन' का किरदार निभाएंगे। तीनों कलाकारों के चयन के बाद से सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या यह तिकड़ी भी पिछली तिकड़ी की तरह दर्शकों का दिल जीत पाएगी।

### टॉलीवुड

## सेतुपति और पुरी जगन्नाथ की पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग पूरी, हुए कई खुलासे



साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं। विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं और दोनों से फिल्म को लेकर बातें कर रही हैं। चार्मी, विजय और पुरी का यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। पुरी और विजय ने फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन को लेकर कहा कि वे पहले से ही एक-दूसरे को मिस कर रहे हैं। पुरी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ' पुरी जगन्नाथ की फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। सेट पर कई महीनों की भावनात्मक और आनंदमय यात्रा के बाद, टीम ने फिल्म की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। जल्द ही कुछ रोमांचक अपडेट के लिए तैयार हो जाइए। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।' विजय सेतुपति की इस आगामी फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेत्री संयुक्ता नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल 23 सितंबर, 2025 को रिलीज होना था, लेकिन कुछ वजहों से इसमें देरी हो गई। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विजय और संयुक्ता के अलावा तब्बू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वहीं ब्रह्माजी सहायक भूमिका में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## रानी ने 'आज की रात' गाने पर दिखाया ऐसा डांस कि देखकर चौंक गए फैन्स



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपना एक डांस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रानी चटर्जी बॉलीवुड की हिट फिल्म 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' पर ठुमके लगाती दिख रही हैं। यूजर्स ने उनके डांस की जमकर तारीफ की है और उन्हें- भोजपुरी की तमन्ना भाटिया कहना शुरू कर दिया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान पूरी तरह अपनी ओर खींचा। इस वीडियो में रानी चटर्जी बॉलीवुड की हिट फिल्म 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' पर शानदार डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में रानी चटर्जी ने गाने के हर स्टेप और मूव को उसी अंदाज में किया है, जिस तरह एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने फिल्म में किया था। सोशल मीडिया पर फैंस ने रानी चटर्जी के इस डांस को देखकर उन्हें 'भोजपुरी की तमन्ना भाटिया' का टैग देना शुरू कर दिया। वीडियो में रानी चटर्जी 'आज की रात' गाने पर जबरदस्त डांसिंग स्किल्स दिखाती नजर आ रही हैं। वीडियो में वह ब्लैक कलर की आउटफिट में नजर आ रही हैं और गाने के हर बीट पर एनर्जी से भरे स्टेप्स कर रही हैं। उनके डांस मूव्स इतने परफेक्ट हैं कि यह बिल्कुल उसी तरह लग रहा है।

लाइफ स्टाइल




> चाहे टोरी बर्च के स्पोर्टी ट्रैक पैंट हों, माइकल कोर्स के टेलर्ड ट्राउज़र हों या खाइट के खाकी हों। 2025 के ठंड भरे इस सीज़न में रनवे पर बॉटम के मामले में बड़ा बेहतर था। न्यूयार्क फैशन वीक में इस हफ्ते वाइड लेग पैंट का जादू जगा है। नए शेप और फ्लूइड मूवमेंट के साथ लोग अपने वार्डरोब का हिस्सा बना रहे हैं।

## ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो ऐसे करें सुधार

घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं।

इसलिए जरूरी है कि 5 कॉमन गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं-

### ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है।


जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

### गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल



मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।


### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी। इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे।

## जीतना है ससुराल वालों का दिल तो शादी के बाद पहनें ऐसी साड़ियां



शादी के दिन हर लड़की और लड़के के लिए बेहद अहम होता है। लड़कों की जिंदगी में तो इस दिन के बाद ज्यादा कुछ खास बदलाव नहीं आते, लेकिन दिक्कत तो लड़कियों के सामने खड़ी होती है। लड़कियों को शादी के बाद अपने माता पिता तक का घर छोड़ कर अपने पति के घर रहने के लिए जाना होता है। नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं। वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।



### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## दुल्हन को तोहफे में देनी है पायल, चुनें खूबसूरत डिजाइन



शादियों के मौसम में हर कोई ये चाहता है कि वो दुल्हन को कुछ ऐसा दें, जिसका इस्तेमाल वो शादी के बाद भी कर पाए। ज्यादातर लोगों को इसके लिए पायल सबसे सही विकल्प लगती है, क्योंकि शादी के बाद दुल्हनें काफी मन से पायल पहनती हैं। पायलों की मधुर आवाज मन को अलग सा सुकून देती है।

अगर आप कुछ ऐसा डिजाइन खोज रहे हैं, जिसमें शादी की निशानी बनी हो तो ये एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की पायल आपको ऑर्डर देकर बनवानी पड़ सकती है।

इस तरह के बारीक काम वाली पायल देखने में काफी खूबसूरत लगती है। आप इसे अपने हिसाब से ऑर्डर देकर भी बनवा सकते हैं। ये देखने में कमाल की लगती है।

अगर आप पायल का कोई ऐसा डिजाइन खोज रहे हैं, जिसे दुल्हन रोजाना में पहन पाए तो ये एक बेहतर विकल्प है। आमतौर पर इस तरह की पायलें महिलाएं घरों में पहनती हैं।

आजकल की लड़कियों को ज्यादा भारी चीजें पसंद नहीं आतीं। ऐसे में आप दुल्हन के लिए इस तरह की हल्की सी पायल भी खरीद सकते हैं।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल

बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी



काफी बोल्ड लगेगा।

### एंकल बूट्स

आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

### टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक

आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

कार्नर न्यूज

### आपके कार्यक्षेत्र में ड्रेसिंग पर भी होना चाहिए पूरा ध्यान

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल, मुड़-मुड़ के देखने लगेंगे लोग

ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में।ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-

### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।



### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए।

अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें।

ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों। ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।

### कोई स्टाइल स्टेटमेंट नहीं

ऑफिस के कपड़े बाकी कपड़ों से अलग होते हैं। इनको स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन हर ट्रेंड को फॉलो करने की ये जगह बिल्कुल नहीं है।

